मुश्किलों से कह दो
उलझा ना करे हमसे,
हमे हर हाल में जीने का
हुनर आता है
सुप्रभात..

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित भोपाल, शनिवार 14 जून 2025 वर्ष-31 अंक-303 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**बैंकॉक।** थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। ज्यादा जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

### हाईवोल्टेज लाइन से 3 की मौत

**नरसिंहपुर।** जिले के गाडरवाड़ा में हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन झुलस गए। शवों से धुआं निकल रहा था। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे श्री पैलेस गार्डन के बाहर हुआ। गाडरवाड़ा थाना प्रभारी विक्रम रजक के मुताबिक, मैरिज गार्डन के गेट पर वहीं के कर्मचारी बड़ी सीढ़ी को धक्का देकर मेन रोड की तरफ ला रहे थे, तभी गेट के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से सीढ़ी टकरा गई। इसमें छह लोग झुलसे हैं। तीन की ऑन द स्पॉट मौत हो गई। बाकी तीन गंभीर रूप से घायल हैं। एक को नरसिंहपुर रेफर किया गया है। दो मृतक गाडरवाड़ा और एक इंदौर का रहने वाला था। श्री पैलेस मैरिज गार्डन प्रकाश काबरा का है, जो गाडरवाड़ा के बड़े व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है और बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### एनआईए ने तेज की ग्रेनेड हमले की जांच

**चंडीगढ़।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अमृतसर पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड हमले की जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने पंजाब और हरियाणा में बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी संगठन से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर छापे मारे हैं। छापे के दौरान टीम ने उनके घरों से मोबाइल, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जैसे संदिग्ध सामान जब्त किए हैं। साथ ही एनआईए की टीम अधिक जानकारी जुटाने और बीकेआई गिरोह की असली साजिश का पर्दाफाश करने की जांच भी कर रही है। जनवरी 2025 में पंजाब के अमृतसर जिले की गुमटाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ था। इसका आरोप बैन किए गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने लिया था, और हमले की जिम्मेदारी उनके सदस्य हैप्पी पासियां ने स्वीकार किया था।

### सना मकबूल को हुआ लिवर सिरोसिस

**मुंबई।** कुछ दिन पहले बिग बॉस ओटीटी विनर टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वो हॉस्पिटल में एडमिट नजर आ रही थीं। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि वो लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं ।सना ने कहा है कि मैं कुछ समय से ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस से पीड़ित हूं, लेकिन हाल ही में हालात और खराब हो गए हैं। मेरी इम्यून सिस्टम ने मेरे लिवर पर अधिक आक्रामक तरीके से हमला करना शुरू कर दिया है, और अब मुझे लिवर सिरोसिस होने का पता चला है। लेकिन मैं मजबूत रहने की कोशिश कर रही हूं।

### भाजपा विधायक को 2 साल की सजा

**चंडीगढ़।** पंजाब की मोहाली अदालत ने चेक बाउंस के मामले में पापुम पारे जिले के सागली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रायतु तेजी, उनकी पत्नी और दो अन्य सहयोगियों को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही, साढ़े 5 करोड़ रुपए का मुआवजा एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। यह मामला करीब साढ़े 4 साल तक कोर्ट में चला। वकील ने इसे अपनी बहुत बड़ी जीत बताया है। यह मामला जीटीसी एम ट्रेडज एलएलपी से खरीदी गई निर्माण सामाग्री के लिए जारी किए गए 50 लाख रुपए के चेक बाउंस से जुड़ा है।

# विमान हादसे में मरने वालों की संख्या हुई 297, पीएम मोदी अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले

**अहमदाबाद।** बीते रोज अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरी दुनिया स्तब्ध कर दिया है। हादसे में मरने वालों की संख्या अब 297 हो गई है। जबकि कई लोग घायल है जिनका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अस्पताल पहुंचे उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस मौके पर गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में घायल हुए लोगों से मिलने अहमदाबाद सिविल अस्पताल पहुंचे।

गुरुवार को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। घटना स्थल पर मौजूद एक एनडीआरएफ जवान ने बताया, अभी स्थिति सामान्य है। जो लोग बाहर मलबा गिरने के बाद जल गए थे, उन्हें निकाल लिया गया है। अब बाकी की तलाशी इमारत के अंदर की जाएगी। बाहर कोई नहीं बचा है। बाहर तलाशी



अभियान कल से ही चल रहा था और सभी को वहां से निकाल लिया गया है।

अहमदाबाद एयर इंडिया विमान में मृतकों की संख्या 297 हो गयीअहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या 297 हो गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि केवल एक यात्री ही इस दुर्घटना में जीवित बचा है। मृतकों में 229 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य थे। इसके अलावा, विमान एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उस समय वहां मौजूद 56 लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंच गए हैं और दुर्घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं।

लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दोपहर 1.38 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया। कल गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। इस बीच, दुर्घटना की जांच में तेजी आ गई है। सरकार ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

### अहमदाबाद सिविल अस्पताल में अपनों को तलाश रहे लोग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचा है। मारे गए 241 लोगों में 169 भारतीय, 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था।

विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि, अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डॉक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर है। सिविल अस्पताल में एक के बाद एक शवों से भरी एंबुलेंस सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में भेजी जा रही है।

# पचमढ़ी में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग आज से

### कार्यक्रम में तीनों दिन रहेंगे सीएम

### दोपहर 3 बजे अमित शाह करेंगे उद्घाटन, 16 को रक्षा मंत्री करेंगे समापन



**भोपाल।** पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दोपहर 3 बजे करेंगे, जबकि समापन 16 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि यह पार्टी का नियमित प्रशिक्षण शिविर है, जिसमें सांसद, विधायक, मंत्री और संगठन के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। कुल करीब 201 प्रतिनिधि इस शिविर में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव और मप्र सरकार के सभी मंत्री पूरे समय मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सीआर पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, सावित्री ठाकुर, डीडी उईके और एल मुरुगन सहित सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, महेन्द्र सिंह और शिवप्रकाश भी विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन देंगे।

#### विधायक सांसद लगाएंगे एक-एक पौधा

वीडी शर्मा ने बताया- इस वर्ग में सभी सांसद विधायक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे। वर्ग में सैद्धांतिक, व्यावहारिक, कई विषयों पर सत्र होंगे। भाजपा किस तरह से देश में काम कर रही है। संगठन तंत्र की मजबूती के साथ हम कहते हैं कि भाजपा संगठन तंत्र के आधार पर काम करने वाला विशिष्ट दल है। शिविर स्थल पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा और सुशासन की उपलब्धियां दिखाई जाएंगी। इसके साथ ही जनसंघ से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान तक पार्टी की यात्रा को भी दिखाया जाएगा।

#### सत्र के दौरान मोबाइल के उपयोग की मनाही

प्रशिक्षण शिविर में विधायकों, सांसदों को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षण स्थल पर सभी विधायक, सांसद 13 जून की रात तक पहुंच जाएंगे। ट्रेनिंग कैम्प में प्रतिभागियों के मोबाइल उनके नाम के स्टिकर लगाकर साइलेंट मोड पर एक जगह रख दिए जाएंगे। सत्रों के बाद ब्रेक के दौरान प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद अपने मोबाइल पर बात कर सकेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को अलग-अलग सत्रों में पब्लिक डीलिंग, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी दी जाएगी। विधायक-सांसदों को सुबह 6:00 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7:00 से 8:00 के बीच योग और प्रार्थना कराई जाएगी।

#### शाह बताएंगे भाजपा की विकास यात्रा

13 जून की रात तक सभी प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद और मंत्री पचमढ़ी पहुंच जाएंगे। उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। अमित शाह के साथ मंच पर सीएम डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

# पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरते ही अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

### भारतीय वायुसेना ने आपातकालीन लैंडिंग के कारणों की नहीं दी जानकारी



**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एम17 अपाचे हेलीकॉप्टर की शुक्रवार को पठानकोट के नंगलपुर इलाके में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। माना जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण एहतियातन लैंडिंग कराई गई। इसमें किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। अपाचे हेलीकॉप्टर ने पठानकोट एयरबेस से उ?ान भरी थी। पुलिस ने कहा कि पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को तकनीकी दिक्कतों के बाद खुले मैदान में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

अभी तक भारतीय वायुसेना की ओर से आपातकालीन लैंडिंग के कारणों के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशनल और सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सार्वजनिक सुरक्षा या बुनियादी ढांचे को कोई खतरा नहीं है। इससे पहले 6 जून को भी इंडियन एयरफोर्स के एक अपाचे हेलीकॉप्टर की उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया था कि एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अपाचे हेलीकॉप्टर ने सहारनपुर के पास एहतियातन लैंडिंग की। कुछ घंटे बाद एयरफोर्स के टेक्नीशियन की मदद से हेलीकॉप्टर को सहारनपुर एयरबेस पर वापस लाया गया।

# फुकेत से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी

#### थाई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में बड़े हादसे के बाद एयर इंडिया का एक अन्य विमान भी मुसीबत में आ चुका है। यह विमान थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली के लिए जा रहा था। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। बताया जाता है कि इस विमान को लेकर बम की धमकी मिली थी। विमान में कुल 156 यात्री सवार थे। एयर इंडिया के विमान ने शुक्रवार



सुबह करीब नौ बजकर तीस मिनट पर फुकेत से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन अंडमान सागर में ही विमान वापस लौटा और फिर थाई द्वीप के एयरपोर्ट पर उतर गया। फिलहाल बम की धमकी को लेकर बहुत ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं, बताया गया है कि विमान की तलाशी के दौरान किसी तरह का बम नहीं मिला है। गौरतलब है कि पिछले साल इंडियन एयरलाइंस और एयरपोर्ट्स को बड़ी संख्या में बम की झूठी धमकियां मिली थीं। पहले 10 महीनों में ही इसतरह के करीब 1000 फोन और मैसेज आए थे। साल 2023 की तुलना यह 10 गुना था।

# पश्चिम एशिया में हिंसक संघर्ष, पहले गाजा में रक्तपात, अब ईरान पर बरसे इस्राइली गोले... 6 न्यूक्लियर साइंटिस्ट खोने पर भड़का ईरान

### परमाणु युद्ध के कगार पर विश्व

### इजराइल के हमले में 20 ईरानी कमांडर मारे गए, ट्रम्प बोले- परमाणु डील नहीं तो और बड़ा हमला होगा

**तेहरान/तेल अबीव/दिल्ली।** पश्चिम एशिया में हिंसक संघर्ष रूकने का नाम नहीं ले रहा है। पहले गाजा में रक्तपात, अब ईरान के खिलाफ इजराइल ने एक सैन्य ऑपरेशन शुरू किया है, जिसे ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन के तहत इजराइल ने ईरान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया है। वहीं, इजराइली हमले पर ईरान ने पलटवार किया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि हमारे देश पर हमले की इजराइल को कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। इससे परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ गया है। ईरान खुलेआम कहता रहा कि इजरायल एक अवैध देश है और उसे नक्शे से हटा दिया जाना चाहिए। अगर ईरान के पास परमाणु हथियार आ गया, तो तेल अवीव जोखिम में आ जाएगा। अमेरिका का वो मजबूत साथी रहा। यही वजह है कि वो इस खतरे को किसी भी हाल में बढ़ने नहीं देना चाहता। अगर ईरान न्यूक्लियर पावर बना, तो बाकी मुस्लिम बहुल देश जैसे तुर्की, सऊदी भी वही करना चाहेंगे। इससे पूरा मध्यपूर्व अस्थिर हो जाएगा। इसका असर व्यापार पर होगा। मध्य पूर्व में अमेरिका के कई सैन्य अड्डे और हजारों सैनिक तैनात हैं, खासकर इराक, कतर और बहरीन में। ईरान की शक्ति से अमेरिकी सैन्य ठिकाने भी खतरे में होंगे।

इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान पर एयर स्ट्राइक की जिसमें 20 टॉप कमांडर मारे गए हैं। इनमें आर्मी और एयरफोर्स चीफ भी शामिल हैं। इजराइल ने सुबह 200 फाइटर जेट्स से 6 ठिकानों पर हमला किया था। इसमें कई परमाणु ठिकाने और मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया। इसके बाद ईरान ने दोपहर में इजराइल पर जवाबी हमला किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान परमाणु समझौता कर ले वरना और बड़ा बड़ा हमला झेलना होगा। ट्रम्प ने कि सबकुछ खत्म होने से पहले यह डील कर लेनी चाहिए। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के एटमी और दूसरे सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया है। इसमें ईरान के 2 बड़े सैन्य अधिकारी और 2 परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने बताया कि राजधानी तेहरान में शाहरक शाहिद महालती नामक जगह पर हमला हुआ। यहां पर हाई रैंक वाले ईरानी सैन्य अफसर रहते हैं। हमले में 3 इमारतें तबाह हो गई हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर का विवादित पोस्ट, लिखा

### सोनम और मुस्कान जैसी महिलाएं संघ की उपज, पतियों की हत्या के लिए आरएसएस जिम्मेदार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के एक और शिक्षक ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट किया है। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन ने आरएसएस पर निशाना साधा है। अपने पोस्ट में उन्होंने नेहरू का जमकर बखान भी किया। वहीं, दूसरी तरफ प्रोफेसर का विवादित पोस्ट सामने आने के बाद एबीवीपी से जुड़े छात्रों में जबरदस्त आक्रोश है। अहम बात ये है कि ये पहली बार नहीं है जब रविकांत चंदन का नाम विवादों में आए हैं। वे पहले भी विवादों में रहे हैं। साल 2022 में वाराणसी के काशी विश्वनाथ-ज्ञानव्यापी प्रकरण में उन्होंने विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद विश्वविद्यालय कैंपस में स्टूडेंट्स ने उनका जबरदस्त विरोध किया था। 18 मई 2022 को उनसे छात्रों ने मारपीट भी की थी। जिसके बाद एक छात्र को विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया गया था।

प्रोफेसर रविकांत चंदन ने लिखा है कि मुस्कान और सोनम रघुवंशी जैसी महिलाएं संघी विचार की उपज हैं। ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं के हाथ में कलम और किताब दी। नेहरू ने वो अवसर उपलब्ध कराए। महिलाओं ने शिक्षा हासिल करके सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने का सलीका सीखा। पिछले दशकों में महिलाओं ने बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए। लेकिन आरएसएस ने अपने हिंदुत्व की प्रयोगशाला के लिए बेटियों के हाथों में त्रिशूल और तलवार पकड़ा दी। उनके मन में विधर्मियों के खिलाफ हिंसा और नफरत पैदा की। इसका प्रभाव गुजरात और दिल्ली के दंगों में दिखाई दिया। जाहिर तौर पर इस हिंसा और नफरत का इस्तेमाल भीतर भी होना ही था। आज महिलाएं अगर अपने पतियों की हत्या करवा रही हैं तो इसके लिए सिर्फ और सिर्फ आरएसएस की हिंसा और नफरत की मानसिकता जिम्मेदार है।

#### पूर्व छात्र ने हसनगंज थाने में तहरीर दी

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कार्तिक पांडेय ने हसनगंज थाने में एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पांडेय ने तहरीर में लिखा-एसोसिएट प्रोफेसर की सोशल मीडिया फेसबुक पर की गई पोस्ट न केवल मानहानि करने वाली है। बल्कि सांप्रदायिक सद्भाव और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के खिलाफ नफरत फैलाने वाला है।

### अमरनाथ यात्रा मार्ग पर क्यूआर फीडबैक सिस्टम लागू

#### अब हर तीर्थयात्री देंगे सफाई पर रेटिंग

**पहलगाम।** ग्रामीण विकास (आरडीडी) और पंचायती राज विभाग के सचिव मोहम्मद ऐजाज असद ने वीरवार को श्री अमरनाथ जी यात्रा-2025 की तैयारियों के तहत पहलगाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर स्वच्छता सुविधाओं का व्यापक मूल्यांकन किया और अधिकारियों के उचित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने नुनवान बेस कैंप से चंदनवाड़ी होते हुए पिस्सू टॉप, जोजीबल, वावबल और शेषनाग तक विभिन्न शिविर स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। सचिव के साथ महानिदेशक ग्रामीण स्वच्छता अनु मल्होत्रा, एसीडी अनंतनाग शफीक अहमद, बीडीओ पहलगाम सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। सचिव ने यात्रा मार्ग पर शौचालय, स्नानगृह, कूड़ेदान, जल निकासी और अपशिष्ट पृथक्करण स्थलों की स्थापना और कार्यक्षमता की समीक्षा की। उन्होंने नुनवान और यात्रा मार्ग के अन्य स्थानों पर कूड़ेदानों की संख्या बढ़ाने, शून्य-लैंडफिल नीति को लागू करने और कचरा स्रोत पर ही अलग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रे वाटर प्रबंधन के लिए जलभराव से बचाव और पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट निपटान पर विशेष ध्यान देने को कहा। सचिव ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, चिकित्सा और जलापूर्ति जैसी आवश्यकताओं पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने क्यूआर कोड-आधारित फीडबैक प्रणाली के तहत तीर्थयात्रियों से स्वच्छता पर रीयल टाइम प्रतिक्रिया प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक यात्री को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

# तबाही बनकर बरसी पहली बारिश: जिलेभर में पेड़ गिरे, कच्चे मकान ढहे, बिजली गुल, कलेक्ट्रेट में भरा पानी

## गर्मी से मिली राहत, लेकिन तेज आंधी-तूफान और झमाझम बारिश से जिले में भारी नुकसान

**गुना।** जिले में सीजन की पहली बारिश ने जहां भीषण गर्मी और उमस से राहत दी, वहीं तेज हवाओं और भारी बारिश ने पूरे जिले में जमकर कहर भी बरपाया। दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी के साथ बरसात शुरू हो गई, जो करीब एक घंटे तक लगातार जारी रही। बारिश के साथ गरज-चमक और तूफानी हवाओं ने गुना शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक व्यापक नुकसान पहुंचाया। शहर की सड?ों से लेकर मोहल्लों, गलियों और सरकारी परिसरों तक हर जगह बारिश के बाद का मंजर तबाही भरा रहा। वर्षों पुराने पेड़ धराशायी हो गए, बिजली पोल टूटकर गिरे, कई कच्चे मकानों की छतें उड़ गईं और मुख्य मार्गों पर बेतहाशा जलभराव देखने को मिला।

### गुना शहर में बिगड़े हालात

गुना नगर के विभिन्न इलाकों में तेज आंधी और बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। जाट मोहल्ला, मंदिर घाट क्षेत्र में एक पुराना पीपल का पेड़ गिर गया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं, विकास नगर और कुशमौदा इलाके में कई कच्चे मकानों के टीनशेड उड़ गए, जिससे लोग दहशत में आ गए। राधा कॉलोनी में एक विशाल पेड़ एक मकान पर गिरा, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रधान डाकघर के पास नीम का पेड़ गिरकर सड? पर आ गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। जयस्तंभ चौक स्थित पुराने आरटीओ कार्यालय की लोहे की बाउंड्री तेज हवाओं में ढह गई, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए। वहीं, शहर के प्रमुख मार्गों जयस्तंभ चौराहा, अस्पताल चौराहा, हनुमान चौराहा, पुरानी गल्ला मंडी, श्रीराम कॉलोनी और कर्नलगंज में कुछ ही समय में जलभराव हो गया। यह स्थिति नालियों की समय पर सफाई न होने के कारण बनी। गंदा पानी सड?ों पर बहने लगा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।




### कलेक्ट्रेट भवन भी चढ़ा पानी की चपेट में

गुना शहर में करोड़ों रुपए की लागत से बनी नवीन कलेक्ट्रेट बिल्डिंग भी बारिश की मार से अछूती नहीं रही। तेज बारिश के चलते नीचे से लेकर ऊपरी बरामदों और हॉल तक पानी भर गया। बिल्डिंग की सीलिंग से टपकता पानी और फर्श पर जमा जल नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। प्रशासन की अनदेखी का यह बड़ा उदाहरण बन गया है कि लाखों-करोड़ों की लागत से तैयार इमारत बारिश की पहली दस्तक में ही पानी-पानी हो गई।

### ग्रामीण अंचलों में भी तबाही के मंजर

गुना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवाओं और बारिश ने और भी ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। कई गांवों में कच्चे मकान आंशिक रूप से या पूरी तरह ढह गए। खप्पर, चद्दर और कवेलू तूफानी हवाओं के चलते उड़ गए, जिससे कई परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए। वहीं म्याना में बिजली पोल घर पर गिया। जबकि गांव की सड?ों पर बिजली पोल आड़े गिर गए। घरों में पानी भर गया, जानवरों के बाड़े टूट गए और खेतों में खड़ी फसलें भी प्रभावित हुईं। म्याना क्षेत्र में बिजली का एक पोल गिरकर एक घर पर जा गिरा। जिले के अन्य हिस्सों से भी पेड़ गिरने, तार टूटने और ट्रांसफॉर्मर फुंकने जैसी खबरें आई हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई।

### गर्मी से राहत, लेकिन बारिश बनी आफत

गौरतलब है कि बारिश से कुछ घंटे पहले तक जिलेभर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। उमस और गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर रखा था, लोग कूलर और एसी तक से राहत नहीं पा रहे थे। ऐसे में बारिश ने जहां ठंडक पहुंचाई, वहीं उससे जुड़ी तबाही ने चिंता भी बढ़ा दी।

### नगरपालिका की पोल खुली

बारिश के चलते जहां शहर के नागरिकों को राहत मिली, वहीं नगर पालिका की तैयारियों की पोल भी पूरी तरह खुल गई। जल निकासी के समुचित प्रबंध न होने और नालियों की समय पर सफाई न होने से पूरे शहर में जलभराव की स्थिति बन गई। नागरिकों ने मांग की है कि आगामी मानसून की दृष्टि से नगर पालिका और जिला प्रशासन तत्काल हर वार्ड की नालियों की सफाई कराए, ताकि भविष्य में जनहानि या बड़ी परेशानी न हो। बहरहाल इस पहली तेज बारिश ने ही यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते नगर प्रशासन ने पर्याप्त तैयारी नहीं की, तो आने वाले दिनों में और अधिक भयंकर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिला प्रशासन को चाहिए कि नालों की सफाई, पेड़ों की छंटाई, विद्युत व्यवस्था और शहरी एवं ग्रामीण आपदा प्रबंधन पर तत्काल ठोस कार्रवाई करे, ताकि अगली बारिश लोगों के लिए राहत बने, आफत नहीं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**भिंड।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे मैं तो लोगों की मौत हो गई । एक मामले में रेलवे ट्रैक पार करते वक्त युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में बाइक सवार ससुर-दामाद को लोडिंग वाहन ने टक्कर मारी। इलाज के दौरान ससुर की मौत हो गई और दामाद की हालत गंभीर है।

देहात थाना क्षेत्र के कुरथरा गांव निवासी अंकुश पिता राधामोहन यादव गुरुवार रात किसी काम से जा रहा था। इस दौरान रेलवे ट्रैक पार करते वक्त वह ग्वालियर से इटावा की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

वहीं नयागांव थाना क्षेत्र के कौमऊ मोड़ पर माधौगढ़ की ओर जा रहे एक लोडिंग वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कंझारी गांव निवासी लज्जाराम पुत्र चिंतामणि बघेल (60) और उनके दामाद विनोद बघेल निवासी शायडाडा गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां लज्जाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, विनोद की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### मच्छरों एवं संचारी बीमारी के प्रसार पर नियंत्रण हेतु फागिंग अभियान जारी

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संचारी बीमारी मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डो में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 में ई रिक्शा में फागिंग मशीनों के माध्यम से छिड़काव कार्य किया गया। नगर निगम द्वारा निर्धारित फागिंग कैलेंडर अनुसार शिवजाी वार्ड क्रमांक 20 स्थित सोमू आटा चक्की रोड, पूर्व पार्षद निवास के आगे एवं पीछे वाली गली, स्कूल गली, पटेल मोहल्ला, चैहान बस्ती, ग्रीन कॉलोनी, बर्मन बस्ती सहित वार्ड की अन्य गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जाकर नागरिकों को मच्छरों से प्रकोप से निजात दिलानें की कार्यवाही की गई।

### विवाहिता के सामूहिक अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में 24 घंटे में आठ आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के सामूहिक अपहरण और दुष्कर्म मामले में पुलिस ने सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जून 2025 को 20 वर्षीय एक विवाहिता ने पुलिस चौकी ऊमरी पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 08-09 जून की रात ग्राम सिमरोद, थाना बमोरी के आठ लोगों छगन, सोनू, तोरन, कैलाश, अंतर सिंह, दीप सिंह, राजेश और मसरया भिलाला ने उसे जबरन घर से पकड़ लिया और करीब दो किलोमीटर दूर जंगल में ले जाकर उसे धमकाते हुए सोनू नामक युवक ने उसके साथ जबरदस्ती की। पीड़िता की शिकायत पर म्याना थाने में प्रकरण क्रमांक 181/2025 दर्ज कर आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70(1), 87, 331(2), 115(2), 351(3), 3(5) के तहत अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की गई। साथ ही पीड्ति का मेडिकल परीक्षण और न्यायालय में बयान कराए गए।

### रीडर्स अड्डा का शुभारंभ 15 जून को

**ग्वालियर।** युवाओं के सर्वांगीण विकास और बौद्धिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन रीडर्स अड्डा की शुरुआत करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जून रविवार को सिटी सेंटर स्थित ग्रैब स्पेस कोवर्किंग में शाम साढ़े चार बजे आयोजित किया जाएगा। रीडर्स अड्डा का उद्देश्य युवाओं में पढ़ने की आदत को पुनर्जीवित करना, सामूहिक चिंतन को प्रोत्साहित करना और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक सकारात्मक मंच प्रदान करना है।

## ग्रामीण परिवेश के व्यापारियों को प्रशिक्षित करें: विवेक कुमार



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल पेमेन्ट एवं ऑन लाइन व्यवसाय की ओर बढ रहा है। कैट को चाहिये कि वह ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों को समय समय पर प्रशिक्षित करे ताकि वे भविष्य की संभावनाओं को समझ सके और अपने आप को अपडेट कर सकें। वर्तमान में जिस प्रकार ऑनलाइन व्यवसाय तेजी से बढ रहा है उसको देखते हुये हमारे ग्रामीण परिवेश के दुकानदार भी टेक्नोलोजी का उपयोग करना सीखें साथ ही अपने व्यापार को बढायें।

आज कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर की पब्लिक रिलेशन टीम के प्रतिनिधि जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और उन्होंने विवेक कुमार का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। पब्लिक रिलेशन टीम के संयोजक धनराज सेजवानी ने बताया कि उन्होंने संगठन की गतिविधियों से कार्यपालन अधिकारी को अवगत कराया एवं 'कैट आपके द्वार' कार्यक्रम की जानकारी साझा की। हमारी टीम व्यापारिक गतिविधियों में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिये प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करती है और जमीनी हकीकत से उन्हें अवगत कराती है। टीम के सदस्य कमल किशोर अग्रवाल, हिमांशु छापरिया, अंशुल तपा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया और कैट के कार्यक्रम में आने के लिये आमंत्रित किया।

## पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही में दो शराब तस्करों को पकड़कर उनसे शराब व वीयर के कैन किये जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी ग्वालियर श्री कृष्णपाल सिंह के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ग्वालियर निरी0 मिर्जा आसिफ बेग के द्वारा थाना बल की टीम को अवैध शराब का व्यापार करने वालों खिलाफ कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हीरो सुपर स्पलेन्डर मोटरसाईकिल नम्बर एमपी-07-जेडएल-7021 पर पीछे हरे रंग के बैग में शराब रखकर सेवानगर से तुलसी विहार कॉलोनी तरफ निकलने वाला है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा सेवानगर चौकी के पास जाकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिया का एक व्यक्ति हीरो सुपर स्पलेन्डर मोटरसाईकिल नम्बर एमपी-07-जेडएल-7021 को लेकर आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा धेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति के पास से मिले हरे रंग के बैग को खोलकर चेक किया तो उसमे 300 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कुल 54 लीटर कीमती करीबन 21,000/- रुपये की रखी मिली। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को गोसपुरा न.01 जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति का यह कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उसके पास से मिले देशी प्लेन शराब के 300 क्वाटर तथा हीरो सुपर स्पलेन्डर मोटरसाईकिल नम्बर एमपी-07-जेडएल-7021 को विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये शराब तस्कर के खिलाफ थाना ग्वालियर में अप0क्र0- 301/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मृगवास थाना पुलिस ने 1 लाख रुपए कीमत का 4 किलो गांजा पकड़ा, दो तस्कर गिरफ्तार

**गुना।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मृगवास थाना पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4.077 किलो गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। इस विशेष अभियान की शुरुआत 12 जून से जिलेभर में की गई है, जो पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर संचालित हो रहा है। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन व एसडीओपी चांचौड़ा महेन्द्र गौतम के पर्यवेक्षण में मृगवास थाना प्रभारी पंकज कुशवाह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।




जानकारी के अनुसार, मृगवास थानांतर्गत सानई चौकी के पास झिरी तिराहे पर पुलिस टीम वाहन चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान सानई की ओर से आ रही एक हीरो ग्लेमर मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान श्यामबाबू पुत्र रोडेलाल भील और देशराज पुत्र रामचंद भील दोनों निवासी ग्राम मेरियाखेड़ी खुर्द थाना चांचौड़ा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से प्लास्टिक के कट्टे में रखा हुआ 4.077 किलो गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा तस्करी में उपयोग की गई मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 08 एमसी 8347 भी जप्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए है। इस तरह कुल 2 लाख रुपए का मादक पदार्थ एवं वाहन पुलिस ने बरामद किया। इस प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना मृगवास में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह, सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी, सउनि जगदीश जाटव, एएसआई राजेश भिलाला, प्रधान आरक्षक गोविन्द सेन, आरक्षक अमर सिंह रावत, रवि चौहान, नीरज धाकड़, राहुल बघेल, विकास राठौर, नरेंद्र, जितेंद्र, रवि यादव एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बिल्डर्स एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों से भेंट की

**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार कुकरेजा के निवास पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने व्यापारिक संगठन कैट, मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स, क्रेडाई बिल्डर्स एसोसियेशसन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर प्रवास पर आये कैलाश विजयवर्गीय शाम को राजकुमार कुकरैजा के निवास पर पहुंचे और कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, क्रेडाई के महेश भारद्वाज, बिल्डर्स एसोसियेशन के अशोक गोयल, यश गोयल, भरत झवर, मुकेश गुप्ता, कैट के राहुल अग्रवाल, नीरज चौरसिया, अंशुल गुप्ता, मनीष शिवहरे, राकेश शर्मा आदि से सौजन्य भेंट की। उन्होंने ग्वालियर के व्यापारिक प्रतिनिधि एवं अन्य सभी उपस्थित जनों से आग्रह किया कि ग्वालियर को विकसित ग्वालियर बनाने के लिये कार्य करें। जिस प्रकार हम इन्दौर में सभी को साथ लेकर कार्य करते हैं। इस अवसर पर राजकुमार कुकरेजा दम्पति को उन्होंने वैवाहिक वर्षगांठ की मंगल कामनाएं दीं और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश राजौरिया, वरिष्ठ पत्रकार विनय अग्रवाल, दीपक शर्मा, ललित नागपाल सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारियों ने उनके प्रवास पर स्वागत करते हुये पुष्प गुच्छ भेंट किये।

## लोकायुक्त पुलिस ने तहसीलदार के रीडर को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**शिवपुरी।** शिवपुरी में लोकायुक्त पुलिस ने तहसीलदार के रीडर को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। पोहरी में लोकायुक्त पुलिस ने ये कार्रवाई की जहां नाले से अतिक्रमण हटाने के आदेश करने के एवज में रिश्वत मांगी जा रही थी। पोहरी अनुभाग में शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस ने ये कार्रवाई की है। लोकायुक्त पुलिस ने पोहरी तहसील में पदस्थ रीडर पुनीत गुप्ता को 10 हजार रुपए की रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथों पकड़ा है।

एसपी लोकायुक्त राजेश मिश्रा के अनुसार रणधीर निवासी पीड़ित अतरसिंह धाकड़ की शिकायत पर ये कार्रवाई की गई है। एक आदेश को लेकर फाइल रुकी हुई थी जिसके एवज में तहसीलदार के रीडर पुनीत गुप्ता ने उनसे 10 हजार रुपए की मांग की। पीड़ित ने 10 जून को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त ग्वालियर में शिकायत दर्ज कराकर साक्ष्य प्रस्तुत किए। इस पर शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस ने रीडर पुनीत गुप्ता को 10 हजार रुपए के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पीड़ित अतरसिंह धाकड़ ने बताया कि उनकी जमीन ग्राम बरईपुरा में है जिसके पास से एक सरकारी नाला गुजरता है। इस नाले पर पड़ोसी किसान ने पत्थर की बाउंड्री करके नाला रोक दिया जिससे पानी उसके खेत में जाता है। इससे मिट्टी कटाव होता है और फसल नष्ट होती है जिससे हर बर्ष पीड़ित को खासा नुकसान हो रहा है। पीड़ित ने करीब एक बर्ष पूर्व पोहरी तहसीलदार को इस संबंध में आवेदन दिया जिसमें पटवारी की जांच पूर्ण हो गयी लेकिन आदेश को लेकर फाइल रुकी हुई थी। तहसीलदार के रीडर पुनीत गुप्ता ने इसके लिए पीड़ित अतरसिंह धाकड़ से रिश्वत मांगी जिसपर लोकायुक्त ने कार्रवाई की। ट्रेप टीम में निरीक्षक कविंद्र सिंह चौहान, बलराम सिंह राजावत, विशंभर भदौरिया सहित 15 सदस्यीय दल शामिल था।

## जैन मिलन महिला की धार्मिक यात्रा: पनिहार तीर्थ क्षेत्र

**ग्वालियर।** जैन मिलन महिला शाखा फालका बाजार की बहनों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ पनिहार तीर्थ क्षेत्र की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा की। इस पावन स्थल पर सभी बहनों ने एकत्रित होकर पूजा-अर्चना की तथा विधिपूर्वक भगवान शांतिनाथ का विधान किया। इसके उपरांत भगवान आदिनाथ की आरती अत्यंत भक्ति भाव से संपन्न हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पद्मावती माताजी का भव्य श्रृंगार पं. संतोष चावड़ा के मंत्रोच्चारण द्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न कराया गया, साथ ही क्षेत्रपाल देवता की भी भक्तिभाव से पूजा की गई।



यह यात्रा सभी बहनों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव रही। सभी ने मिलकर धर्मलाभ प्राप्त किया और पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। यात्रा शांतिपूर्ण एवं सफल रही। इस अवसर पर क्षेत्रीय सदस्य वीरांगना श्रीमती चंदा जैन एवं वीरांगना श्रीमती सुनीता जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और अधिक बड़ गई।हम फालका बाजार शाखा की ओर से क्षेत्रीय सदस्य वीरांगना चंदा जी जैन एवं क्षेत्रिय विशेष अमंत्रित सदस्य सुनीता जी जैन का हार्दिक आभार प्रकट करते हैं, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से यह धार्मिक यात्रा और भी सफल एवं प्रेरणादायी बनी।

» न्यूज कैप्सूल »

## प्रदेश में तैयार होंगे 1207 सीएनजी स्टेशन, 30 फीसदी तक घट जाएगा रसोई गैस का खर्च

**भोपाल।** इसी गति से काम चलता रहा, तो आने वाले दो साल में मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में पाइप्ड नेचुल गैस का नेटवर्क तैयार हो जाएगा और आपके जेब पर पड़ने वाला रसोई गैस का खर्च कम हो जाएगा। इसके लिए मध्य प्रदेश के सभी जिलों और 25 भौगोलिक क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को नोडल एंजेसी बनाया गया है।

प्रदेश में सबसे पहले नगर निगम क्षेत्र में ये काम किया जा रहा है। इसके बाद नगर पालिका और नगर परिषद का नंबर आएगा। मध्य प्रदेश के 60 लाख रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए ये अच्छी खबर है कि आने वाले दो साल में उनके रसोई गैस के खर्च में ट्रांसपोर्टेशन, स्टोरेज और रीफिलिंग जैसे कई खर्च कम हो जाएंगे। साथ ही उन्हें पाइपलाइन के जरिए घर तक पहुंचने वाली गैस का उतना पैसा ही देना होगा, जितना बतौर उपभोक्ता वे गैस खर्च करेंगे।

## यूपीएस लागू करने की तैयारी में मप्र सरकार

### 4 लाख 50 हजार पेंसनर्स को मिलेगा लाभ

**भोपाल।** मप्र की मोहन यादव सरकार केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम को किसी भी वक्त राज्य में लागू कर सकती है। प्रदेश के अधिकारियों का कहना है कि यूपीएस को लागू करने के लिए सरकार को इसका प्रस्ताव सदन में पटल पर रखना होगा। सरकार जब चाहे तब ये कदम उठा सकती है। प्रदेश के वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यूपीएस को लेकर शुरुआती तौर पर काम कर लिया है। इस पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए सरकार को 225 करोड़ अतिरिक्त रुपयों की जरूरत होगी। यानी, सरकार को यूपीएस के लिए नेशनल पेंशन स्कीम की राशि से 4.5 फीसदी ज्यादा बजट की व्यवस्था करनी होगी। राज्य सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए इक्विटी लिमिट और फंड मैनेजर जैसे विकल्पों में वृद्धि की है। रिटायरमेंट के बाद लोगों को इनका सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि, ये दोनों लाभ बाजार के जोखिम पर निर्भर करेंगे। इस स्कीम में राज्य के उन अधिकारियों-कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जिनकी नौकरी साल 2005 में लगी, जबकि, ऑल इंडिया सर्विस के उन अधिकारियों-कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा जिनकी नौकरी साल 2004 में लगी।

## ई-नगरपालिका 2.0: 24 सेवाएं ऑनलाइन मिलेंगी

### अब घर बैठे पूरे होगा काम

**भोपाल।** मप्र में नगरीय निकाय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब 24 सेवाएं ऑनलाइन मिलेंगी। इसके लिए नगरीय निकायों में ई-नगरपालिका पोर्टल लॉन्च करने वाला है। यह पोर्टल नागरिकों को घर बैठे ही कई तरह की सेवाएं प्रदान करेगा। इसमें जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नल कनेक्शन, संपत्ति कर भुगतान जैसी कई सुविधाएं शामिल होंगी। पोर्टल को और बेहतर बनाने के लिए जीआईएस और एआई तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस नए पोर्टल का नाम ई-नगरपालिका 2.0 है। यह पुराने पोर्टल का उन्नत संस्करण है। इससे पहले वाले पोर्टल में कुछ तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं। उन्हें दूर करने के लिए इस नए पोर्टल को और ज्यादा तकनीकी रूप से मजबूत बनाया गया है। इससे लोगों को बेहतर और सुविधाजनक सेवाएं मिल सकेंगी। मप्र ऐसा पहला राज्य बनने जा रहा है जहां प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को एक पोर्टल पर लाया जा रहा है। हालांकि अभी भोपाल नगर निगम का अलग पोर्टल बीएमसी ऑनलाइन है। इसका अनुबंध पूरा होने पर भोपाल नगर निगम को भी ई-नगर पालिका से जोड़ा जाएगा।

जानकारी के अनुसार नगरीय विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एक साथ ऑनलाइन सेवाएं देने के लिए ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर तैयार करा लिया है। ई-नगर पालिका 2.0 का राजस्व, उद्योग और पंजीयन विभाग के साथ एकीकरण किया गया है। इससे प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण हो जाएगा और प्रॉपर्टी टैक्स का खाता भी बन जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत उद्योगों को भी जल्द ऑनलाइन अनुमतियां जारी होंगी। नागरिकों को भी घर बैठे. नगरीय निकायों की सेवाएं मिलेंगी।

# ऐशबाग आरओबी निर्माण की होगी जांच

## 90 डिग्री टर्निंग से हादसों का खतरा; अजीब डिजाइन बन रही मजाक



**भोपाल।** भोपाल के ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन आरओबी की पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके बाद ब्रिज को लेकर निर्णय लिए जा सकेंगे। हालांकि, 90 डिग्री के मोड़ को लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रिपोर्ट तैयार की है। जिसमें 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया गया है। इससे अधिक स्पीड में गाड़ी चली तो हादसा होने का खतरा है।

बता दें कि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की जानकारी में आने के बाद उन्होंने एनएचएआई के अफसरों से संपर्क किया और उनसे रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद एनएचएआई की टीम भी मौके पर पहुंची और रिपोर्ट तैयार की है। मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया पर भी जानकारी दी है कि शुक्रवार को तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी कार्रवाई होगी।

### सोशल मीडिया पर मीम्स भी बने

दरअसल, राजधानी में बना यह रेलवे ओवर ब्रिज इन दिनों अपनी अनोखी डिजाइन के कारण सुर्खियों में है। लोग सोशल मीडिया पर इसके मीम्स बना रहे हैं। इस ब्रिज पर 90 डिग्री के एंगल से मोड़ दिया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यहां वाहन कैसे टर्न लेंगे। वाहनों के या तो ब्रिज की दीवारों से या फिर आपस में टकराने का खतरा बना रहेगा।

### वाहन ब्रिज से नीचे गिरने का रहेगा खतरा

इस बारे में मैनिट के ट्रैफिक एक्सपर्ट डॉ. सिद्धार्थ रोकड़े ने कहा कि यदि जगह की कमी के कारण एंगल कम दिया जाए तो गाड़ियों की स्पीड पर नियंत्रण जरूरी है। यहां सिर्फ साइन बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि यहां स्पीड कम करने के तरीके अपनाने होंगे। यदि यह नहीं किए गए तो गाड़ी नीचे गिर सकती है।

### क्रॉसिंग बंद होने से इसकी खास जरूरत

ब्रिज के निर्माण के समय रेलवे ने भी 90 डिग्री की इस टर्निंग पर आपत्ति की थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने यहां जगह कम होने का हवाला देते हुए कहा कि और कोई विकल्प नहीं है। ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद इस इलाके के लिए आरओबी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए कम जगह में भी इसे बनाना होगा। इस ब्रिज का निर्माण मई 2022 में शुरू हुआ था और इसे 18 महीने में पूरा करना था, लेकिन अब तक पूरी तरह से नहीं बन सका है। इसकी लागत 18 करोड़ रुपए है। 648 मीटर लंबे और 8 मीटर की चौड़ाई वाले ब्रिज का 70 मीटर हिस्सा रेलवे का है।

## आतंकियों से भर चुकी है हाई सिक्योरिटी सेल

**भोपाल।** भोपाल सेंट्रल जेल की हाई सिक्योरिटी सेल आतंकियों से भर चुकी हैं। आतंकियों की तादाद यहां इतनी हो चुकी है कि सेल छोटी पड़ने लगी हैं। अब जेल में 12 नई हाई सिक्योरिटी सेल का निर्माण कराया गया है। जिसके लिए 1.20 करोड़ का बजट पारित हुआ था। करीब दो साल में यह हाई सिक्योरिटी सेल बनकर तैयार हुई हैं। जल्द ही इनमें कुख्यात आतंकियों को शिफ्ट किया जाएगा।

जेल सुपरीटेंडेंट राकेश भांगरे ने बताया कि भोपाल सेंट्रल जेल में फिलहाल 69 आतंकी बंद हैं। जो अलग-अलग संगठनों से ताल्लुक रखते हैं। इसमें स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया के 23, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 21 हिज्ब उत तहरीर के 17, रेएमबी के 4 और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के 4 आतंकी बंद हैं। जेल में हाई सिक्योरिटी सेल की क्षमता 58 हैं। वर्तमान में 69 आतंकियों को यहां रखा गया है। जल्द नई हाई सिक्योरिटी सेल में भी आतंकियों को शिफ्ट किया जाएगा।

# भोपाल लव जिहाद: कोर्ट में पेश पुलिस के चालान में खुलासा

## छात्राओं से हुई हैवानियत का फरहान ही मास्टरमाइंड,

**भोपाल।** भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र के कोकता के पास स्थित निजी कॉलेज की छात्राओं को दोस्ती के नाम पर पहचान कर अपने प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने और हिंदू धर्म के खिलाफ अपशब्द कहते हुए ब्लैकमेल कर युवतियों को धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के मामले में भोपाल पुलिस ने पहचान चालान पेश किया है।

बागसेवनिया थाना पुलिस ने 12 अप्रैल को बैतूल निवासी दो सगी बहनों की शिकायत पर छोटा चंबल निवासी फरहान खान और साहिल के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में बागसेवनिया थाना पुलिस ने पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश नीलम मिश्रा की अदालत में चालान प्रस्तुत कर दिया है। दोनों पीड़िताएं सगी बहनें हैं और बड़ी बहन फरहान के साथ उसी निजी कॉलेज में पढ़ती थी, जबकि छोटी बहन स्कूली छात्रा थी। पहले फरहान ने बड़ी बहन के साथ जहांगीराबाद स्थित उसी कॉलेज के छात्र रहे हामिद के कमरे में दुष्कर्म किया था। इसके बाद साहिल ने भी युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। फरहान और उसके गिरोह के आरोपी युवतियों को ब्लैकमेल कर बदनामी से बचने धर्मतांतरण करने के लिए दबाव बनाते थे।

### दरिंदगी से बचने कमरे से भागी बड़ी बहन तो छोटी हो गई शिकार

भोपाल पुलिस की ओर से प्रस्तुत चालान में खुलासा हुआ है कि फरहान और साहिल दोनों बारी-बारी से आए दिन कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म करते। उसे इस गिरोह के अन्य आरोपी नबील, अबरार के कमरे में ले जाकर दुष्कर्म करते। पीड़िता जब फरहान और साहिल के बुलावे पर नहीं जाती थी तो आरोपी उसके कमरे में आ जाते थे। चूंकि पीड़िता किराए के कमरे में रहती थी, इसलिए उसे डर था कि यह बात मकान मालिक मेरे परिजनों को न बता दें। एक दिन पीड़िता को साहिल ने दुष्कर्म के इरादे से बुलाया। पीड़िता नहीं गई तो आरोपी उसके अशोका गार्डन स्थित किराये के कमरे में ले गया और वहां दुष्कर्म करने की धमकी देने लगा। पीड़िता दरिंदगी से बचने कमरे में छोटी बहन को छोड़कर कुछ घंटे के लिए बाहर निकल गई। इसके बाद साहिल उसके कमरे में पहुंचा तो पीड़िता नहीं मिली। इसके बाद उसने पीड़िता की नाबालिग छोटी बहन से ही दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया।

### बड़ी बहन की धमकी देकर फरहान ने की दरिंदगी

चालान में खुलासा हुआ है कि साहिल ने नाबालिग से की गई दरिंदगी का वीडियो फरहान को सौंप दिया। चूंकि फरहान गिरोह का मास्टरमाइंड है। उसकी शर्त रहती थी कि किसी भी लड़की दुष्कर्म, सेक्सुअल असाल्ट करते समय बनाया गया वीडियो उसके पास ही रहेगा। इस केस में भी ऐसा हुआ। इसके बाद फरहान ने नाबालिग का अश्लील वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया कि अगर मेरे साथ संबंध नहीं बनाओगी तो यह वीडियो तुम्हारी बड़ी बहन, माता-पिता को भेजकर जिंदगी नर्क बना देंगे। इसके बाद पीड़िता से दुष्कर्म किया। बड़ी बहन को कुछ महीने में पता चला तो उसने अपनी बहन को पढ़ने के लिए इंदौर भेज दिया। फरहान इंदौर पहुंचकर पीड़िता के कमरे में हंगामा किया था। इंदौर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, इसके बाद पीड़िता भोपाल आकर बड़ी बहन के साथ बागसेवनिया थाने पहुंची थी और दोनों बहनों ने दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, पॉक्सो और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया था। इस प्रकरण के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सका है।

### आधा सैकड़ा से अधिक को बनाया गवाह

जांच के लिए बनाई गई भोपाल पुलिस की एसआईटी द्वारा प्रस्तुत 240 पेज के चालान में 57 गवाहों को शामिल किया गया है। चालन में पीड़िताओं के बयानों के साथ मेडिकल रिपोर्ट, पीड़ितों के अश्लील वीडियो जो फरहान के मोबाइल में मिले हैं, उनकी फॉरेंसिक रिपोर्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों को शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि लव जिहाद मामले में पुलिस अब तक छह प्रकरण दर्ज कर चुकी है। छह आरोपियों में कोलकाता निवासी अबरार को छोड़कर पांच आरोपी गिरफ्तार हैं और वर्तमान में जेल में हैं। फरहान के साथ साहिल, साद, नबील और अली खान गिरफ्तार हैं।

पुलिस ने अदालत में पेश किया था

जानकारी के मुताबिक रायसेन रोड स्थित एक प्राइवेट कॉलेज में पढ़ने वाली दो सगी बहनों ने आरोपी फरहान खान और उसके मित्र साहिल खान के खिलाफ पुलिस थाना बाग सेवनिया में 12 अप्रैल को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि फरहान ने धमकाकर, मारपीट कर मेरे साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं मुस्लिम बनने के लिए कई बार दबाव बनाया। मैं उससे बहुत परेशान हो गई हूं।

### अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस ने भी केस दर्ज किया

मामला सामने आने के बाद आरोपी फरहान से पीड़िता अन्य छात्राओं ने भी उसके खिलाफ पुलिस थाना अशोका गार्डन और पुलिस थाना जहांगीराबाद में शिकायतें दर्ज कराई थीं। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस के आला अफसरों ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने फरहान और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 अप्रैल को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था।

### कोर्ट में हुई थी पिटाई

पुलिस द्वारा आरोपियों के चेहरों को भगवा कपड़ा में छुपाकर कोर्ट में पेश किए जाने से आक्रोशित वकीलों ने आरोपियों की जमकर पिटाई कर दी थी। कोर्ट परिसर में रात के 9 बजे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा था। 3 मई को अशोका गार्डन पुलिस ने आरोपी फरहान को ग्राम सरवर रातीबढ़ में एनकाउंटर में दायें पैर में गोली मार दी थी। पुलिस ने बताया था कि फरहान द्वारा सब इंस्पेक्टर की सर्विस रिवाल्वर छीनने की कोशिश के दौरान हुई छीना-झपटी में उसके पैर में गोली लग गई। फरहान ने कोर्ट में बताया था कि उसे पुलिस ने गोली मारी है।

# भोपाल में कोरोना मरीजों की संख्या 13 पहुंची

## आरटी-पीसीआर जांच की सुविधा नहीं

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि विभाग इसे लेकर सीरियस नहीं दिख रहा है। प्रदेश में अभी तक कोरोना को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक 123 मरीज मिल चुके हैं वहीं राजधानी भोपाल की बात करें तो यहां 13 मरीज सामने आए हैं लेकिन यहां के सरकारी अस्पतालों में आरटी-पीसीआर जांच के लिए किट उपलब्ध नहीं है। लोगों को निजी लैबों का सहारा लेना पड़ रहा है। जांच महंगी होने के कारण लोग कोरोना के लक्षण होने पर भी जांच नहीं कर रहे हैं।

गतदिनों भोपाल के नए सीएमएचओ डॉ. मनीश शर्मा ने जेपी अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल में कोविड वार्ड की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने सीएमएचओ को बताया कि पीएसए प्लांट को ठीक कराने की आवश्यकता है। इस पर डॉ. शर्मा ने तत्काल प्लांट की मरम्मत के लिए निर्देश दिए।

### पीएसए प्लांट को ठीक कराने की आवश्यकता

निरीक्षण के दौरान, जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने सीएमएचओ को बताया कि पीएसए प्लांट को ठीक कराने की आवश्यकता है। इस पर डॉ. शर्मा ने तत्काल प्लांट की मरम्मत के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कोविड सैंपल कलेक्शन की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। सैंपलिंग रूम तो संतोषजनक पाया गया, लेकिन उन्होंने हर जगह सैनिटाइजर रखने के निर्देश दिए। इधर, कोलार स्वास्थ्य केंद्र समेत जिले के अन्य अस्पतालों में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट भी बंद पड़े हैं। किसी में ऑक्सीजन की प्योरिटी तय स्तर से कम आ रही है तो किसी में इलेक्ट्रिकल फॉल्ट है। इन अस्पतालों ने मेंटेनेंस के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजा है।

### डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

डॉ. मनीश शर्मा ने सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) से जुड़े ऑनलाइन एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) बनाने की प्रक्रिया को भी समझा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि एमएलसी की ऑनलाइन रिपोर्टिंग में किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। डॉ. मनीष शर्मा ने स्टाफ से सीधे संवाद किया और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों से कहा कि वे मरीजों के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं। डॉ. शर्मा ने जोर देकर कहा कि प्यार से बात करने पर ही मरीज आधा ठीक हो जाता है और आधा आपकी गोली देने के बाद।

### स्वास्थ्य विभाग नहीं जारी कर रहा आंकड़े

प्रदेश में कोरोना की स्थिति को लेकर इंटिग्रेटेड डिजीज सर्विलेंस प्रोग्राम द्वारा अब जिलेवार आंकड़े जारी नहीं किए जा रहे हैं, जबकि अन्य राज्य अभी भी रोजाना हेल्थ बुलेटिन जारी कर रहे हैं। भोपाल सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा का कहना है कि हमें अभी तक ऊपर से कोई ऐसी गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। जैसे ही ऊपर से निर्देश होंगे हम जांच शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि भोपाल में अभी 4 कोरोना पॉजिटिव मरीज एक्टिव हैं हालांकि कोई सीरियस नहीं है दो मरीजों को आज छुट्टी दी जा सकती है।

## मप्र के चार जिले हुए मलेरिया मुक्त

### अब शहरों के बाद 15 जिलों में गांव-गांव जाएंगे वॉलिंटियर

**भोपाल।** बारिश का महीना शुरू होते ही मच्छर जनित बीमारियां डेंगू, मलेरिया के केस बढ़ने लगते हैं। इसे लेकर विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। प्रदेश के चार जिले हरदा, आगर-मालवा, विदिशा और शाजापुर में मलेरिया के केस जीरो हो गए हैं। यह विभाग की बड़ी उपलब्धि है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मलेरिया को कंट्रोल करने की प्लानिंग की गई है। शुरुआती दौर में एंबेड परियोजना के सहयोग से प्रदेश के 15 जिलों के प्रत्येक गांव में एक-एक वॉलिंटियर भेजे जाएंगे। ये वॉलिंटियर गांव में लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगे और जिस क्षेत्र में लार्वा पाया जाएगा वहां हफ्ते में एक बार पहुंच कर इसे कंट्रोल करने का काम करेंगे। गावों में मच्छर जनित बीमारियों को कंट्रोल करने के लिए एंबेड परियोजना फैमली हेल्थ इंडिया के सहयोग से प्रदेश के 15 जिले शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, विदिशा, भोपाल, जबलपुर, नीमच, रीवा, सीधी, बालाघाट, सिवनी और इंदौर के गांवों में वॉलिंटियर भेजे जाएंगे।

# राज्य स्तरीय पर्यावरण कार्यशाला में 2000 अधिकारी शामिल हुए



## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** भोपाल के रविन्द्र भवन में शुक्रवार को राज्य स्तरीय शहरी पर्यावरण पर कार्यशाला शुरू हुई। सबसे पहले गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान परिसर में आए सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में 1 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य समेत सिटी इन द गार्डन जैसी कई मुहिमों पर चर्चा हुई। दरअसल, कार्यक्रम की थीम मानसून के आगमन और शहरी हरियाली को लेकर है।

कार्यशाला में प्रदेश भर के नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सीएमओ, कमिश्नर, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, हलह प्रतिनिधि, नर्सरी संचालक, पर्यटन विभाग, मेट्रो प्राधिकरण और अन्य संगठनों से लगभग 2000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### 20 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि शहरी पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में यह अभियान एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि हमें केवल पार्कों में हरियाली तक सीमित नहीं रहना, बल्कि सिटी इन द गार्डन के विजन को साकार करना है, यानी ऐसा शहर बनाना है जो खुद एक बाग हो।

# पचमढ़ी में राजनीति में पारंगत होंगे 'माननीय'

## भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरे की सिखाई जाएगी बारिकियां

## 3 दिन में भाजपा के 45 साल के संघर्ष की गाथा सुनेंगे भाजपापाई

**भोपाल।** मप्र में भाजपा अपने सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को राजनीति में पूरी तरह पारंगत करेगी। इसके लिए पार्टी ने 14 से 16 जून के बीच पचमढ़ी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण शिविर में माननीयों को भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरे की बारिकियां सिखाई जाएगी। प्रशिक्षण स्थल पर सभी विधायक, सांसद 13 जून की रात तक पहुंच जाएंगे। प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को अलग-अलग सत्रों में पब्लिक डीलिंग, चुनाव क्षेत्र में मैनेजमेंट, इनोवेशन, सदन में भूमिका, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी दी जाएगी। विधायक-सांसदों को सुबह 6:00 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7:00 से 8:00 के बीच योग और प्रार्थना कराई जाएगी।

13 जून की रात तक सभी प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद और मंत्री पचमढ़ी पहुंच जाएंगे। 14 जून को दोपहर 12 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। अमित शाह के साथ मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे। पहले दिन चार सत्र होंगे। डेढ़ घंटे के लंच ब्रेक के बाद करीब साढ़े तीन बजे से पहला सत्र होगा। इस सत्र में हमारा विचार और पंच निष्ठा विषय पर प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव संबोधन देंगे। इसके बाद दूसरे सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सांसद बंशीलाल गुर्जर भाजपा की कार्यपद्धति पर जानकारी देंगे। दूसरे दिन के शुरुआती सत्र में विधायकों-सांसदों को निर्वाचन क्षेत्र में मैनेजमेंट इनोवेशन और चुनौतियों के साथ सदन में भूमिका पर जानकारी दी जाएगी इस सत्र में विधायकों-सांसदों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। पहले ग्रुप में पहली और दूसरी बार के विधायकों को सांसद सुधीर गुप्ता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा संबोधित करेंगे। दूसरे समूह में बाकी बचे वरिष्ठ विधायकों को डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रदीप लारिया और हरिशंकर खटीक संबोधित करेंगे। तीसरे समूह में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके संबोधित करेंगे।

### डॉ. मोहन सुनाएंगे 22 साल के सफर की गाथ

प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन लंच ब्रेक के बाद विकसित मप्र 2047-अवसर एवं चुनौती( 2003 से 2025) तक की पृष्ठभूमि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपना वक्तव्य देंगे। पूर्व मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया इस सत्र की अध्यक्षता करेंगे। सोशल मीडिया और मीडिया पर स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विमर्श बनाने में हमारी भूमिका के विषय पर विनोद तावडे व्याख्यान देंगे। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम सत्र की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश विधायकों, सांसदों और मंत्रियों को समन्वय, प्रक्रिया, समस्या और समाधान के विषय में समझाएंगे। शिवप्रकाश यह भी बताएंगे कि संगठन, अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, विचार परिवार और स्वयं के परिवार के लिए समय प्रबंधन करें और पर्सनल, प्रोफेशनल लाइफ में तालमेल बनाएं। दूसरे दिन डिनर के बाद कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और डिप्टी सीएम मप्र में भाजपा का उद्भव और विकास संस्मरण के स्वरूप को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सुनाएंगे। प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन सुबह 7 बजे से 45 मिनट का योग प्रार्थना और खेल का आयोजन होगा। नाश्ते के बाद सांसदों, विधायकों को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल, सामाजिक और मोबाइल शिष्टाचार सिखाएंगे।

## संपादकीय

# अकूत खनिज संपदा के बाद भी अफ्रीकी देश सबसे गरीब?

**अफ्रीकी** देश बुर्किना फासो के युवा सैन्य नेता इब्राहिम त्रारे ने एक ऐसा भाषण दिया है। जिसमे वैश्विक मीडिया और औपनिवेशिक सोच पर तीखा हमला किया गया है। 34 वर्षीय त्रारे ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया है, उन्होंने अफ्रीका की गरीबी, संघर्ष और पिछड़ेपन की झूठी तस्वीर दुनिया के देशों में सालों तक प्रचारित की हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीका कोई भिखारी महाद्वीप नहीं है, बल्कि दुनिया को दुर्लभ खनिज, ऊर्जा संसाधनों को उपलब्ध कराने वाला विशाल आफ्रिकी महाद्वीप है। अफ्रीका सारी दुनिया को पोषित और विकसित करने वाला महाद्वीप है। सारी दुनिया अफ्रीका के खनिज संसाधनों का दोहन और उपयोग करती है। इसके बदले बड़े-बड़े पूंजीवादी देश अफ्रीका को गरीबी, भ्रष्टाचार और अशांति की ओर ले जाते हैं। त्रारे ने कहा अफ्रीका को मस्जिद नहीं, स्कूल चाहिये। उल्लेखनीय है अफ्रीका की 65 फीसदी मुस्लिम धर्म को मानती है। अफ्रीका को अब धार्मिक कट्टरता नहीं, शिक्षा और विकास चाहिए है। 200 मस्जिदे बनाए जाने के सऊदी अरब के प्रस्ताव को उन्होंने ठुकरा दिया। उन्होंने फ्रांस, ब्रिटेन, अमेरिका और चीन जैसी ताकतों की उन शोषण की रणनीतियों को उजागर किया।जिनसे अफ्रीका को आर्थिक रूप से लूटा जा रहा है। उन्होंने कोबाल्ट, प्लेटिनम, सोना, यूरेनियम जैसे खनिजों के उत्पादन में अफ्रीका के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा, जिन क्षेत्रों से यह बहुमूल्य संपदा निकली जा रही है, उन क्षेत्रों में आज भी बिजली, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। उन स्थानों पर सबसे ज्यादा बदहाली और भुखमरी देखने को मिलती है। त्रारे के यह तेवर केवल एक क्रांतिकारी नेता की आवाज नहीं, बल्कि उस पूरे महाद्वीप की पीड़ा है। जिसे दशकों से जानबूझकर आर्थिक रूप से कमजोर और पश्चिमी देशों ने अपने ऊपर निर्भर बनाकर रखा है। उनका कहना है कि पश्चिमी मीडिया अफ्रीका की सफलताओं और वास्तिवक्ता को कवर नहीं करता। पश्चिमी देशों और पूंजीपतियों के इशारे पर शोषणकारी एजेंडा मीडिया चलाता है। अब इसको बेनकाब करने का समय आ गया है। इब्राहिम त्रारे की यह गर्जना सिर्फ अफ्रीका नहीं, पूरे ग्लोबल साउथ के लिए चेतावनी के रूप में है। त्रारे के यह तेवर उपनिवेशवाद के नए रूपों, मीडिया के दोहरे मानदंडों और वैश्विक आर्थिक अन्याय के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई की शुरुआत है। पश्चिमी देशों की इस लूट में अब चीन भी शामिल हो गया है। सबसे बहुमूल्य खनिज संपदा अफ्रीका महाद्वीप में है। अफ्रीकी देशों के नेताओं के साथ मिलकर अफ्रीका महाद्वीप की जनता का जो शोषण कई दशकों से स्थानीय नेताओं की मदद से हो रहा है। उसके खिलाफ इसे एक बगावत के रूप में देखा जा रहा है। अफ्रीकी देश बुर्किना फासो सैन्य अधिकारी है। उनकी यह बगावत ठीक वैसी ही है, जैसी महात्मा गांधी ने अफ्रीका मैं रहते हुए अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाया था। वही बिगुल अब त्रारे ने अफ्रीकी महाद्वीप में बजा दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहायता को ठुकराते हुए यहां तक कह दिया है। जब हम दुनिया की सबसे महंगी खनिज संपदा सारी दुनिया के देशों को देते हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपनी बहुमूल्य संपदा का भुगतान चाहिए, वैश्विक कर्ज और दया की हमें आवश्यकता नहीं है। निश्चित रूप से अफ्रीका की जनता ने अब अपनी सोच को बदलना शुरू कर दिया है। अफ्रीकी देशों के नेताओं के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ भी वहां की जनता ने एक जंग शुरू कर दी है। सारी दुनिया में इसे पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ एक नई लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। भविष्य में इसका व्यापक असर पड़ना तय है। इस लड़ाई में भारत की सहभागिता महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी के कारण अफ्रीकी देशों की जनता में भारत के प्रति बेहतर छबि है। इसका लाभ उठाने भारत को आगे आना होगा।

-सनत जैन

## राज काज

### महानगर पालिका पर कब्जा करेगा ठाकरे परिवार

उद्धव ठाकरे की शिवसेना इन दिनों मुंबई में काफी कमजोर स्थिति में है। ठाकरे परिवार हमेशा मुंबई महानगरपालिका में पूरी ताकत के साथ राज करता आया है। एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की इस ताकत को तोड़ दिया है।एनसीपी इस बार भाजपा के साथ जाती हुई दिख रही है। अकेली शिवसेना उद्धव ठाकरे कमजोर है।ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को एक साथ एक मंच में लाने की कोशिश मुंबई में तेज हो गई है। मुंबई महानगर पालिका के चुनाव में दोनों ठाकरे बंधु मिलकर चुनाव लड़ेंगे? ठाकरे परिवार मुंबई मैं अपनी ताकत बनाए रखना चाहता है।सही मायने में महानगर पालिका के पार्षद ठाकरे परिवार की ताकत हैं। दोनों भाई इस बात को समझते हैं। एक बार फिर दोनों भाई साथ-साथ दिखेंगे।

### राहुल गांधी, चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों चुनाव आयोग को निशाने पर रखे हुए हैं। महाराष्ट्र के चुनाव में हुई गड़बड़ी राहुल गांधी की प्राथमिकता में है।जिसके कारण महाराष्ट्र सरकार संशय में है। हाई कोर्ट के जो आदेश हो रहे हैं। एक-एक करके चुनाव आयोग की जो कलई खुल रही है। उसने भाजपा और महाराष्ट्र सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है। महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग को लेकर यदि हाईकोर्ट से कोई आदेश हो जाएंगे। चुनाव आयोग की गड़बड़ी पकड़ ली जाएगी। ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र में बड़ा भूचाल आना तय है। इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है। महाराष्ट्र की राजनीति इन दिनों बड़ी तेज हो गई है।

### भाजपा ने असम की सीट सहयोगी दल को दी

बीजेपी राज्यसभा में अपने सांसदों की संख्या बढ़ाने में लगी हुई है। पहली बार असम में देखने को मिला, भाजपा ने अपनी सीट असम गढ़ परिषद को दे दी है। असम की राज्यसभा सीट असम गण परिषद का उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा। आंध्र प्रदेश में भाजपा ने ठीक इसका उल्टा किया था। आंध्र प्रदेश से दो भाजपा के सदस्य मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के सहयोग से राज्यसभा में प्राप्त किए थे। राज्यसभा चुनाव को लेकर एक बार फिर जोड-तोड़ शुरू हो गई है। असम में 126 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के 64 विधायक हैं।वह अपने दम पर अपना उम्मीदवार जिता सकती थी। उसके बाद भी आठ विधायकों वाली पार्टी के लिए भाजपा ने अपनी एक सीट कुर्बान कर दी है। जिसके कारण राजनीतिक हल्कों में इसे आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है।

### तुर्कीए के बहिष्कार अभियान का क्या हुआ?

पहलगाम कांड के बाद पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर भारत ने हमला किया था। तुरकिए ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की थी। पाकिस्तान को तुर्कीए ने सैन्य मदद दी। जिसके कारण भारत में गुस्सा फैला, तुर्की का बहिष्कार अभियान शुरू किया गया। अभिनेता आमिर खान को देशद्रोही ठहराया जाने लगा।क्योंकि वह तुर्कीए के राष्ट्रपति से मिले थे। भारत के पर्यटकों ने वहां जाना बंद कर दिया था। अचानक यह अभियान थम गया। भारत के पर्यटक अब तुर्कीए जाने लगे हैं।भारत ने अपने निर्यात व्यापार के कारण बहिष्कार अभियान से अपने आपको दूर कर लिया। सरकार घोषणाएं बड़ी-बड़ी कर देती है। वह हवा हवाई होती हैं। कुछ समय के बाद लोग भूल जाते हैं। यही बहिष्कार का सच है।

# भारत की सुरक्षा एवं मोदी सरकार

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास,अन्तर्वाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह है। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक है।



- शिवप्रकाश

चाणक्यनीति में कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं।

भारतीय जनसंघ ने अपने 1964के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिएँ। सिद्धांत एवं नीतियां नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिये शस्त्रधारी है। इसलिए भारत माता भीपरमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने इस प्रकार की नीति पर चला।आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीतिइसी का उदाहरण है। जहाँ कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए जी जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं बिरयानी खिलाना जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए।



रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोलाबारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिएलंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रोंकी खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुकेहैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है।एस - 400 , सुखोई -30, इजराईल से ड्रोन, हैमर मिसाईल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम, वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाईल को मार गिराने में हम सक्षम हुए है। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 1।4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 12।265करोड़ हुआ है।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी - 1। नवंबर 2021 ( राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, झांसी में ) के अपने संबोधन में कहाँ कि = भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएँ अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 24 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21ल की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34 प्रतिशत की वृद्धि करने में देर सक्षम हुआ है। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है।

देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिको में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी।

प्रत्येक प्रकार की गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया।इसमें अशोक स्तंभ, लंगर और नौसेना का आदर्श वाक्य शं नो वरुणःअंकित है, जो भारत की समुद्री विरासत और आत्मगौरव का प्रतीक है।नए भारत का संकल्प- घर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे केवल कहना मात्र नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर में हमने यह करके दिखाया है। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। पूर्व सैनिको के कल्याण, अग्नि वीर योजना,विजयदशमी पर राफेल जैसे शस्त्रों का पूजन एवं दीपावली त्योहार में सैनिको के मध्य प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति, सीमावर्ती सैनिक चौकियों पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी का प्रवास यह सभी उपक्रम हमारे सुरक्षित भारत के संकल्प को प्रकट करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है।

## सुविचार

हमे भूत के बारे में पछतावा नही करना चाहिए, ना ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए, विवेकवान व्यक्ति हमेशा वर्तमान में जीते है।

-चाणक्य

हम सभी एक दुसरे की मदद करना चाहते है, मनुष्य ऐसे ही होते है, हम एक दुसरे के सुख के लिए जीना चाहते है दुःख के लिए नहीं।

-चार्ली चेपलिन

## प्रसंग

### सुखी व्यक्ति की खोज



चाँदपुर इलाके के राजा कुँवरसिंह जी बड़े अमीर थे। उन्हें किसी चीज की कमी नहीं थी, फिर भी उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था। बीमारी के मारे वे सदा परेशान रहते थे। कई वैद्यों ने उनका इलाज किया, लेकिन उनको कुछ फ़ायदा नहीं हुआ। राजा की बीमारी बढ़ती गई। सारे नगर में यह बात फैल गई। तब एक बूढ़े ने राजा के पास आकर कहा, महाराज, आपकी बीमारी का इलाज करने की मुझे आज्ञा दीजिए। राजा से अनुमति पाकर वह बोला, आप किसी सुखी मनुष्य का कुरता पहनिए, अवश्य स्वस्थ हो जाएँगे।

बूढ़े की बात सुनकर सभी दरबारी हँसने लगे, लेकिन राजा ने सोचा, इतने इलाज किए हैं तो एक और सही। राजा के सेवकों ने सुखी मनुष्य की बहुत खोज की, लेकिन उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य नहीं मिला। सभी लोगों को किसी न किसी बात का दुख था।

अब राजा स्वयं सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़े। बहुत तलाश के बाद वे एक खेत में जा पहुँचे। जेठ की धूप में एक किसान अपने काम में लगा हुआ था। राजा ने उससे पूछा, क्यों जी, तुम सुखी हो? किसान की आँखें चमक उठी, चेहरा मुस्करा उठा। वह बोला, ईश्वर की कृपा से मुझे कोई दुख नहीं है। यह सुनकर राजा का अंग-अंग मुस्करा उठा। उस किसान का कुरता माँगने के लिए यों ही उन्होंने उसके शरीर की ओर देखा, उन्हें मालूम हुआ कि किसान सिर्फ़ धोती पहने हुए है और उसकी सारी देह पसीने से तर है।

राजा समझ गया कि श्रम करने के कारण ही यह किसान सचा सुखी है। उन्होंने आराम-चैन छोड़कर परिश्रम करने का संकल्प किया।

थोड़े ही दिनों में राजा की बीमारी दूर हो गई।

## जरा हटके

### रात के समय भी कुछ योगासन हो सकते हैं फायदेमंद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** क्या आप जानते हैं कि रात के समय भी कुछ योगासन आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं। वज्रासन, सुप्त बद्ध कोणासन, सेतु बंधासन, शवासन और योग निद्रा जैसे आसन रात में करने से न केवल पाचन बेहतर होता है, बल्कि थकान, तनाव और मांसपेशियों की जकड़न भी कम होती है। जानकार बताते हैं कि रात में खाने के तुरंत बाद ऐसे योगासन नहीं करने चाहिए जो पेट पर दबाव डालें, क्योंकि इससे पाचन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। खाने के कम से कम एक से दो घंटे बाद हल्के योगासन किए जा सकते हैं जो शरीर को आराम देते हैं और नींद में सुधार करते हैं। खासकर खाने के बाद केवल वज्रासन करना सही रहता है,



जबकि बाकी आसनों के लिए थोड़ी देर इंतजार करना जरूरी होता है।

वज्रासन में 5 से 10 मिनट बैठने से पाचन क्रिया में सुधार होता है और रक्त संचार सही रहता है। यह आसन जांघों और पैरों में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे पाचन तंत्र को ऊर्जा मिलती है। सुप्त बद्ध कोणासन को बिस्तर पर लेटकर किया जाता है जिसमें पैरों को तितली की तरह खोलकर हल्की गति दी जाती है। यह तनाव कम करने, प्रजनन क्षमता बढ़ाने और पीसीओडी जैसी समस्याओं में भी लाभकारी होता है। सेतु बंधासन को सांस के साथ गतिशील रूप में करना चाहिए, जिसमें कूल्हों को ऊपर उठाया और नीचे लाया जाता है। इसे स्थिर नहीं रखना चाहिए ताकि पेट पर ज्यादा दबाव न पड़े।

यह आसन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पाचन सुधारने और थायराइड के लिए फायदेमंद होता है। विशेषज्ञ 20 राउंड करने की सलाह देते हैं। शवासन में लेटकर योग निद्रा का अभ्यास किया जाता है, जो माइंडफुलनेस बढ़ाता है, डिप्रेशन कम करता है और एकाग्रता सुधारता है। 10-15 मिनट की योग निद्रा तनाव और चिंता को दूर करने में मददगार होती है। इसके बाद भ्रामरी, अनुलोम-विलोम या ओम के प्राणायाम से मानसिक शांति मिलती है और नींद बेहतर होती है।

## फोटो ऑफ द डे



अस्ट्रिया के एक स्कूल में गोलीबारी में मारे गये लोगों की याद में राष्ट्रपति एलेकजेंडर वेन और उनकी पत्नी डोरिस मोमबत्तीयां जलाते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# मेरी आत्म व्यथा

-वीरेन्द्र सरल

समीक्षा लिखने की कला तो मुझे आती ही नहीं है पर आजकल पाठकीय प्रतिक्रिया देने को अभिशप्त हो गया हूँ। किसी की किताब पढ़ी नहीं कि मन प्रतिक्रिया देने को ललचाने लगता है। विचार आता है क्या पता इसी चक्कर में कुछ अच्छा लिख जाऊं और अंधे के हाथ बटेर लगने का मेरा स्वप्न साकार हो जाये। मेरी लिखी प्रतिक्रियाओं को पाठक पुस्तक समीक्षा समझते हैं। उनकी खुशी में ही मेरी खुशी है । जोश में होश खोकर अब मैं भी अपनी प्रतिक्रियाओं को समीक्षा समझने लगा हूँ। मैंने जिसकी भी किताब की समीक्षा एक बार लिखी, उनकी हिम्मत मुझे दोबारा किताब भेजने की नहीं हुई। यही मेरी समीक्षा लेखन का प्रतिफल और प्रसाद है। पर मैं उन लेखकों का क्या कहूँ, जिनका पाला आज तक एक बार भी मुझसे नहीं पड़ा है। वे तो मुझे कुख्यात समीक्षक ही समझते हैं। उनको लगता है कि मैं दिन दहाड़े किसी भी किताब की समीक्षा लिख सकता हूँ। लिख सकता हूँ ये तो सही है पर दिन दहाड़े लिखने की मेरी हिम्मत नहीं है। लुक छिपकर किताब की भूमिका और अपनी बात से कुछ वाक्यों को उठाकर, उसे तोड़ मरोड़ कर और उसी में प्रशंसा के अपने दो चार वाक्य मिलाकर समीक्षा लिख लेना अलग बात है लेकिन पूरी किताब पढ़कर समीक्षा लिखने से तो नानी याद आने लगती है। नानी यादों में आकर कहती है कि बस कर पगले, बड़ा समीक्षक बना फिरता है। पहले अपनी ही किताब की किसी बड़े लेखक से ढंग की समीक्षा लिखा के तो दिखा। जब ढंग से समीक्षा होगी तो तुझे नानी के साथ नाना जी भी याद आने लगेंगे, समझा? यादों में ही सही पर नानी मेरी दुखती रग पर हाथ रख देती है। जो भी हो समीक्षक के रूप में मेरा विज्ञापन तो हो ही चुका है और आत्ममुग्ध होकर मैं धड़ल्ले से समीक्षा लिखे जा रहा हूँ। पता नहीं क्यों किसी परिचित और महिला लेखकों के किताबों पर लिखते समय मेरे मन में बहुत अच्छे -अच्छे विचार सूझते हैं और प्रशंसा में कसीदे गढ़ने की मेरी बुद्धि एकदम सक्रिय हो जाती है। मेरी कलम बिना थके बिना रुके नॉनस्टॉप चलकर लम्बी चौड़ी समीक्षा लिख मारती है। मगर जैसे ही किसी अपरिचित पुरुष लेखक की किताब हाथ लगती है तो सारा मजा किरकिरा हो जाता है, एक लाइन लिखने में भी पसीना निकलने लगता है और समीक्षा लिखना घाटे का सौदा लगने लगता है। जो भी हो पर जमे जमाये धंधे पर लात मारना मूर्खता ही कही जाएगी सो अपना धंधा तो चल ही रहा है। ये अलग बात है कि जिन लेखकों की कृति की मैंने प्रशंसा की वे तो मेरे मुरीद हो गए पर जिसकी कमियां गिना दी वे लठ्ठ लेकर पीछे पड़ गए। इन दो पहलूओं के अतिरिक्त एक तीसरा पहलू भी है यह मुझे अभी दो चार दिन पहले पता चला । हुआ कुछ यूं कि मैं अपने शहर के चौक से पैदल गुजर रहा था कि पीछे से किसी की आवाज आई-÷ ओऐ! समीक्षक जी, एक लेखक को पीछे लगे देख क्यों सरपट भागे जा रहे हो? मैं लौटकर देखा, कोई अपरचित था। वह नजदीक आकर बोला- अभी के अभी फटाफट हमारे लिए एक समीक्षा लिख मारिए।

मैंने पूछा - पर आपकी किताब कहाँ है?

जवाब मिला- अभी हमने अपनी किताब लिखी ही कहाँ है। सोचा पहले समीक्षा ही लिखवा लें ताकि बाद में कोई झमेला न रहे।

## चिंतन-मनन

# कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे।

वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## रोचक

### भेड़ की आंत से बना 200 साल पुराना कंडोम कोठे से मिला

**पेरिस(ईएमएस)।** पैरिस जैसे शहर में देह व्यापार की काफी चमक-दमक थी। ऐसे में ग्राहकों को लग्जरी के तौर पर यह कंडोम दिया जाता था। इस कंडोम की एक और खास बात है कि इस पर एक तस्वीर छपी है। इस तस्वीर में एक अर्द्धनग्न महिलाएं खड़ी है। वहीं कंडोम पर लिखा है, वोयला मॉन चॉयस। इसका अर्थ है, यह मेरी मर्जी है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस कंडोम पर बनी तस्वीर एक ग्रीक माइथोलोजी से प्रेरित है। 19वीं सदी में हाल यह था कि कंडोम को बेहद बुरा माना जाता था। हालांकि कोठों में इसका इस्तेमाल छिपकर किया जाता था। इस कंडोम की लंबाई करीब 20 सेंटीमीटर है। जानकर हैरानी होगी कि कंडोम का इस्तेमाल आज से 200 साल या फिर उससे भी पहले होता था। एम्सटर्डम के रिक्सम्यूजियम में जब 1830 के आसपास के एक प्रिंटेड कंडोम को रखा गया तो देखने वालों को तांता लग गया। लोग इस 200 साल पुराने कंडोम की कहानी भी जानना चाहते थे। दरअसल यह कंडोम किसी लग्जरी फ्रेंच कोठे से पाया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि इसे भेड़ की आंत से तैयार किया गया था। इतने साल बीत जाने के बाद भी यह खराब नहीं हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि बीते साल नीदरलैंड्स के हारलेम शहर में नीलामी के दौरान इस कंडोम को 1000 यूरो यानी करीब 90 हजार रुपये में खरीदा गया था।

# न्यूक्लियर साइट्स और कमांडरों पर निशाना साधने का मकसद रिंग ऑफ फायर का जवाब था: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि यह ईरान के रिंग ऑफ फायर के जवाब में किया गया हमला है। इजरायल ने ईरान के 'रिंग ऑफ फायर' रणनीति के जवाब में शुक्रवार तड़के 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' छेड़ दिया। यह इजरायल का अब तक का सबसे तगड़ा जवाब है, जिसने ईरान के परमाणु सपनों को चकनाचूर करने का बीड़ा उठाया है। शुक्रवार तड़के एक वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने कहा, दशकों से तेहरान के तानाशाह इजरायल को मिटाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने नौ परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम जमा कर लिया है। हाल के महीनों में ईरान ने हथियार बनाने की रफ्तार बढ़ा दी है। अगर इसे अभी नहीं रोका गया, तो वह कुछ ही महीनों में परमाणु बम बना लेगा। यह इजरायल के लिए जिंदगी-मौत का सवाल है। हम चुप नहीं बैठेंगे।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि उसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के दिल पर सीधा वार किया है। ईरान के नतांज में स्थित मुख्य न्यूक्लियर प्रोलिफरेशन फैसिलिटी को तबाह कर दिया गया, साथ ही ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और परमाणु हथियार बनाने वाले टॉप वैज्ञानिकों को भी हमले में मार दिया गया है।

नेतन्याहू ने जोर देकर कहा, 'हमने नाजी नरसंहार से सबक लिया है। हम ईरान जैसे दुश्मन को हमें तबाह करने का मौका नहीं देंगे। आज रात इजरायल ने अपने वादे को हकीकत में बदला। हमने नतांज में ईरान के परमाणु संवर्धन ठिकाने को उड़ा दिया। हमने उनके परमाणु हथियार कार्यक्रम को जड़ से हिला दिया। उनके मिसाइल कार्यक्रम को भी बर्बाद कर दिया। ईरान की 'रिंग ऑफ फायर' एक खतरनाक रणनीति है, जिसके तहत वह लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, यमन में हूती विद्रोहियों और सीरिया-इराक में शिया मिलिशिया के जरिए इजरायल को चारों तरफ से घेरने की कोशिश करता है। इस रणनीति का मकसद इजरायल पर लगातार हमले करके उसे कमजोर करना उसकी सुरक्षा को चुनौती देना और क्षेत्र में ईरान का दबदबा कायम करना है। परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों के कारण यह 'रिंग ऑफ फायर' इजरायल के लिए बड़ा खतरा बन गया है। इजरायल के खिलाफ प्रॉक्सी ग्रुप्स को ईरान हथियार देता है। यही कारण है कि ऑपरेशन राइजिंग लायन इजरायल के लिए बड़ी कामयाबी है। उसने इसमें ईरान के प्रमुख ठिकानों को नुकसान पहुंचाया, जिससे ईरान के प्रॉक्सी कमजोर होंगे।



यूक्रेन में रुस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए युद्धबंदियों के परिजन। ये लोग अपने परिजनों के पोट्रेट के साथ प्रदर्शन में उतरे।

# इजरायल द्वारा किए गए ईरान पर हमले में अमेरिका शामिल नहीं: रुबियो

**तेल अवीव।** ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल ने बड़ा हमला किया है। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि स्ट्राइक किन स्थानों पर की गई है। खबर है कि इजरायली वायुसेना ने राजधानी तेहरान में कई जगहों पर एयर स्ट्राइक की है। इधर, अमेरिका के अधिकारियों ने साफ किया है कि इस हमले में अमेरिका का कोई हाथ नहीं है। खास बात है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई थी इजरायल, ईरान पर हमला कर सकता है।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इजरायल के ऐक्शन में अमेरिका शामिल नहीं है। साथ ही उन्होंने तेहरान से अपील की है कि क्षेत्र में अमेरिकी हितों या कर्मियों को निशाना ना बनाया जाए। उन्होंने कहा, आज इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक तरफा कार्रवाई की है। हम ईरान के खिलाफ हुई स्ट्राइक्स में शामिल नहीं हैं और हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी बलों की सुरक्षा करना है। उन्होंने कहा, यह साफतौर पर बता देना चाहता हूं कि ईरान को अमेरिकी हितों या कर्मियों को निशाना नहीं बनाना चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर इजरायल का हमला हो सकता है। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में संवाददाताओं से कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि यह आसान है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह हो सकता है। ट्रंप ने चिंता जताई कि अगर ईरान समझौते पर बातचीत नहीं करता है, तो पश्चिम एशिया में बड़े पैमाने पर संघर्ष छिड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वह ईरान से समझौता करने का आग्रह करते रहेंगे।



# ईरान ने इजराइली पर 100 से ज्यादा ड्रोन से किया हमला

**तेहरान।** ईरान ने तेहरान में हुए इज़राइल हवाई हमलों के जवाब में 100 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया है। यह जानकारी इज़राइली सेना ने दी। इज़राइल के सेना प्रवक्ता ने इस ड्रोन हमले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि सभी इज़राइली सुरक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं और इन खतरों को रोकने का काम कर रही हैं।

इस टकराव की वजह से पूरे मिडिल ईस्ट में हवाई यातायात पर असर पड़ा है। जॉर्डन की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने सुरक्षा कारणों से अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। अन्य आस-पास के देश भी हालात पर नज़र रख रहे हैं। इससे पहले इज़राइल ने ईरान पर हवाई हमला किया था। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और इज़राइल की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच हुआ था।

इस हमले में ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई थी। सलामी ईरान के एक ताकतवर और सख्त नेता माने जाते थे, जो अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ कड़ा रुख रखते थे। इज़राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि यह हमला ईरान के खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन तब तक चलेगा जब तक हम इज़राइल के खिलाफ खतरे को पूरी तरह खत्म नहीं कर देते।

इज़राइल के रक्षा मंत्री ने भी इस हमले की पुष्टि करते हुए इसे पहले से किया गया हमला बताया, जिससे इज़राइल को होने वाले खतरे को पहले ही खत्म किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने पूरे देश में आपातकाल घोषणा कर दिया है ताकि नागरिकों की सुरक्षा तय की जा सके।

# अहमदाबाद दुर्घटना की जांच करने के लिए ब्रिटेन ने भेजा जांच दल

**लंदन।** ब्रिटेन के पीएम केअर स्टार्मर ने अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कहा है कि लंदन आ रही एअर इंडिया के विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद हादसे की जांच के लिए ब्रिटेन का एक दल भारत भेजा गया है। इससे कुछ देर पहले असैन्य विमान दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं की जांच करने वाली एक ब्रिटिश एजेंसी ने कहा कि वह दुर्घटना की भारतीय नेतृत्व वाली जांच में सहयोग के लिए एक बहु-विषयक जांच दल भारत में तैनात करेगी। हवाई दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) ने कहा कि उसने भारत में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को अपनी मदद की पेशकश की है। स्टॉर्मर ने कहा कि जांच जारी है, हमने एक जांच दल भेजा है, उसे तैनात कर दिया गया है।

## आज का इतिहास 14 जून

1905 शास्त्रीय संगीत की साधिका हीरा बाई बरोड़कर का जन्म हुआ.
1940 द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मन सैनिकों ने पेरिस पर अधिकार किया था.
1941 अमरीका ने अपने यहाँ इटली और जर्मनी की संपत्तियों को जब्त कर लिया.
1948 बर्मा स्वतंत्रत हुआ.
1949 वियतनाम की स्थापना हुई.
1962 यूरोपीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र की स्थापना पेरिस में हुई.
1964 पश्चिम पाकिस्तान में बाढ़ और तूफान से 250 लोगों की मौत हुई.
1975 सोवियत संघ ने शुक्र ग्रह के रहस्यों की खोज के लिए अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया.
1989 चीन ने कई पत्रकारों को अपने यहाँ से निष्कासित करके अमरीका को हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी.
1993 कंबोडिया में राजकुमार सिंहनुक की प्रशासनाध्यक्ष के रूप में बहाल हुए.
1994 इराक ने किसानों को खाद्यान्न सरकार को नहीं बेचने पर सजा देने की चेतावनी दी.
1998 बिहार के पूर्णिया में विधायक व माकपा के नेता अजीत सरकार की हत्या.
1999 भारतीय विदेशमंत्री जसवंत सिंह चीन यात्रा पर.
2000 गुजरात के गृहमंत्री हरेन पंड्या ने त्यागपत्र दिया.
2002 अंटार्टिक में 108 वैज्ञानिक व चालक दल बर्फ में फंसे.

## प्रसंगतः आंखें होते हुए भी अंधा

एक आदमी कहीं जा रहा था. उसे वहां पहुंचने की जल्दी थी. इसलिए बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा था. सोच रहा था कि समय पर वहां पहुंच नहीं पायगा और उसका जाना बेकार हो जायगा. वह अपने विचारों में खोया था. अचानक उसे किसी चीज की ठोकर लगी, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ा. निगाह उठाकर उसने देखा, एक खोपड़ी पड़ी थी. उस आदमी को बड़ा गुस्सा आया. देर हो जाने से वैसे ही उसका मन खिन्न हो रहा था. अब गिर जाने से उसके पैर में चोट आ गई और चलना उसके लिए मुश्किल हो गया. उसने दांत पीसते हुए कहा, "अरी, दुष्ट, सताने के लिए क्या मैं ही रह गया था?" उसी समय कहीं से आवाज आई, "अरे ओ नादान, तू इसे क्यों दोष दे रहा है? क्यों इस पर क्रोधित हो रहा है? इसके तो आंखें नहीं हैं, जो तुझे देख लेतीं, लेकिन तेरे तो आंखें हैं? तू ही बता कि जिसकी आंखें हैं, उसको देखना चाहिए, या जिसके आंखें नहीं हैं, उसे?"

## दैनिक पंचांग

14 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




शनिवार 2025 वर्ष का 165 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 00.22 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 13.13 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.47 बजे तदनन्तर बव 03.53 बजे रात्र को समाप्त।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.22 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 07.36 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.52 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.14 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.29 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.45 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.37 बजे से |
| | | मीन | 00.09 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 01.40 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | वृष | 03.20 बजे से |

**चन्द्रायु** 17.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872375
**जूलियन दिन** 2460840.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय अस्त, पश्चिमे शुक्रोदय पूर्वे तिथी तीज, शनिवार उ.षा. नक्षत्रे, शुभ योगे, गर करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 22/25 श्री गणेश चौथ व्रत, चंद्रोदय रात्रि 9/36 तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम व्यापारी, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपाल, उत्तम कार्यकर्ता, लेखक-लेखापाल, लिपिक, कैसरियर, प्रबंधक तथा उद्योगपति, राजनेता, विधायक, मंत्री होगा।




मेष राशिः कार्य-कुशलता एवं समृद्धि के योग फलप्रद होंगे, रुके कार्य बन जायेंगे।
वृष राशिः कार्य तत्परता से लाभ एवं इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य ही होंगे।
मिथुन राशिः व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे।
कर्क राशिः सोच-समझकर शांति बनाये रखें अन्यथा कुछ विभ्रम, विकार, क्लेश होगा।
सिंह राशिः समय की अनुकूलता से विशेष कार्य की वृद्धि करें, लेनदेन मध्यम होगा।
कन्या राशिः मानसिक विभ्रम, किसी अरोप में फंस सकते हैं, अर्थ के कार्य बन जायेंगे।
तुला राशिः भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य बनेंगे तथा कार्य संतोष होगा।
वृश्चिक राशिः कार्य-कुशलता से संतोष, योजनाएं फलीभूत अवश्य ही होंगी।
धनु राशिः सफलता के साधन जुटायें, धन लाभ, आचानक सफलता का हर्ष होगा।
मकर राशिः आरोप व क्लेश, असमंजस, धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।
कुंभ राशिः इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, स्त्री शरीर कष्ट, चिन्ता असमंजस में रखें।
मीन राशिः इष्ट मित्र सहायक रहें, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता आयेगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# इजराइल हमले के बाद ईरान ने किया एयरस्पेस बंद, भारत पर पड़ा सीधा असर

## कई उड़ानों को किया डायवर्ट तो कुछ को वापस बुलाया, यात्रियों की परेशानी बढ़ी

**नई दिल्ली।** ईरान पर इजराइल ने बड़ा हमला किया है। शुक्रवार सुबह ईरान में इजराइल के हमलों के साथ हुई और कई परमाणु ठिकानों को टारगेट किया गया। यह जंग और बढ़ने के आसार हैं और इसके चलते सुरक्षा के लिहाज से ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। ईरान के एयरस्पेस बंद करने का सीधा असर भारत पर हुआ। अमेरिका, यूरोप समेत कई देशों के लिए जाने वाली भारतीय उड़ानों पर इसका असर दिखा है। एयर इंडिया ने अपनी कई उड़ानों को डायवर्ट किया है तो कुछ को उन्हीं एयरपोर्ट्स पर वापस बुलाया गया है, जहां से वे रवाना हुई थीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया ने एक्स पर जानकारी दी है, उसके ज्यादातर फ्लाइट्स को वापस बुलाया गया है, जो भारत के किसी शहर से रवाना हुई थीं। वहीं ऐसी उड़ानों को डायवर्ट किया है, जो भारत आ रही थीं जैसे लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट को अब विएना के रास्ते भारत आना होगा। न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही उड़ान अब शारजाह के रास्ते से आएगी। इसी तरह न्यूयॉर्क से मुंबई जाने वाली फ्लाइट अब जेद्दाह के रास्ते आएगी। लंदन से दिल्ली आ रही फ्लाइट को मुंबई के लिए डाइवर्ट किया गया है। वहीं मुंबई से लंदन रवाना हुई फ्लाइट को वापस बुला लिया गया है। दिल्ली से वॉशिंगटन के लिए आज ही उड़ान भरने वाली फ्लाइट वापस दिल्ली आ रही है।

दिल्ली से नेवार्क जाने वाली फ्लाइट वापस लौट रही है। वैंकुवर से दिल्ली की फ्लाइट को जेद्दाह के रास्ते लाया जाएगा। शिकागो से दिल्ली आने वाली फ्लाइट भी जेद्दाह से भारत आएगी। एक संकट यह भी है कि पाकिस्तान के साथ पहले ही तनाव के चलते भारतीय विमान उसके आसमान से नहीं गुजर रहे हैं। अब ईरान का भी एयरस्पेस बंद है। ऐसे में विमानों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबी यात्रा तय करनी पड़ रही है। इससे ट्रैवल टाइम बढ़ा है तो वहीं खर्च में भी इजाफा हुआ है।

# अमेरिका की अपीलीय अदालत ने 'नेशनल गार्ड' को हटाने के आदेश पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने एक संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी है जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से 'नेशनल गार्ड' के जवानों को हटाने का निर्देश दिया गया था। ट्रंप ने आव्रजन छापों के विरोध में लॉस एंजिलिस में हुए प्रदर्शनों के बाद जवानों को कैलिफोर्निया में तैनात किया था।

अदालत ने कहा कि वह इस मामले पर 17 जून को सुनवाई करेगी। गुरुवार रात का यह फैसला संघीय न्यायाधीश के उस आदेश के कुछ ही घंटों बाद आया जो शुक्रवार दोपहर से प्रभावी होना था। न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि सेना की तैनाती अवैध है और दसवें संशोधन और ट्रंप के वैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। यह आदेश केवल 'नेशनल गार्ड' के जवानों पर लागू होता है, नौसेना पर नहीं जिन्हें लॉस एंजिलिस के विरोध प्रदर्शनों के दौरान तैनात किया गया था।

न्यायाधीश ने कहा कि वह नौसेना पर कोई फैसला नहीं सुनाएंगे क्योंकि उन्होंने अभी मोर्चा नहीं संभाला है। वहीं आव्रजन छापों के खिलाफ पूरे अमेरिका में प्रदर्शन हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर 4 स्टाम्प वेंडर व 2 सेवा प्रदाताओ के लायसेंस निलंबित

**हरदा।** जिला पंजीयक दिनेश कुमार कौशले ने न्यायालय परिसर हरदा एवं आसपास में स्थित लायसेंसधारी 4 स्टाम्प वेंडर एवं 2 सेवा प्रदाताओं के कार्य स्थल के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर लायसेंस निलंबित करने के आदेश जारी किये है। जिन स्टाम्प वेंडर्स के लायसेंस निलंबित किये गये हैं उनमें न्यायालय परिसर हरदा में स्थित सुशांत मिश्रा जयशंकर दुबे बसंत राजपूत व संदीप शर्मा शामिल है। इसी प्रकार वर्धमान काम्प्लेक्स न्यायालय परिसर के सामने स्थित सेवा प्रदाता अजय शर्मा व दीपाली गार्गव के लायसेंस भी निलंबित किये गये है। जिला पंजीयक कौशले ने बताया कि संबंधित स्टाम्प वेंडर्स व सेवा प्रदाताओं को 16 जून को समक्ष में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जवाब संतोषजनक न पाये जाने पर अनुज्ञप्ति निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

### समग्र आईडी से आधार की केवाईसी नहीं कराई तो शासन की योजनाओं का नहीं मिलेगा लाभ

आरती मालवीय

**नर्मदापुरम।** ग्रामीण क्षेत्र नागरिक हो विशेष सूचना आप तत्काल अपनी अपनी समग्र ई केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लें, नहीं तो शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में लाभान्वित बने रहने के लिए समग्र से आधार लिंक अर्थात ई केवाईसी कराना अनिवार्य है, ई केवाईसी नहीं होने पर शासन द्वारा प्राप्त सुविधाएं जैसे पेंशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, बच्चों की शिक्षा प्रोत्साहन, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं,खाद्यान्न पर्ची, लाडली बहना योजना, किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना, जाति आय मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, सहित अन्य सुविधाएं बंद हो सकती है जिसकी जवाबदारी ग्राम पंचायत की नहीं होगी। 1 ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त करें। 2 ग्राम पंचायत द्वारा अधिरोपित,संपत्ति भवन कर, जल कर,स्वच्छता कर, व्यवसाय कर जमा करें। 3 मनरेगा मजदूरी 261 रुपए प्रतिदिवस है ग्रामपंचायत में आवेदन कर कार्य की मांग की जा सकती हैं। 4 ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाएं रखने में सहयोग करें। 5 प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं। 6 अपने अपने घरों में लगे नलों में टोटी लगाकर पानी बचाने में सहयोग करें सामग्र आईडी से ई केवाईसी ग्राम पंचायत डोलरिया।

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उज्जैन जिले में 191वां बिजली ग्रिड ऊर्जीकृत किया

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उज्जैन जिले में आरडीएसएस के तहत 11वां बिजली ग्रिड उन्हेल के समीप करनावद में तैयार किया हैं। इसे प्रोटोकॉल के साथ ऊर्जीकृत कर दिया गया। आरडीएसएस अंतर्गत करीब ढाई करोड़ रूपए से बने इस 33/11 केवी 5 एमवीए ग्रिड से करीब तीन हजार ग्रामीण घरेलू उपभोक्ता, कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, इन्हें पहले से ज्यादा गुणवत्ता के सात बिजली मिलेगी। करनावद के इस ग्रिड को मिलाकर उज्जैन जिले में अब कुल 191 ग्रिड हो गए हैं। इससे पहले मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उज्जैन जिले में आरडीएसएस के तहत 33/11 केवी के 5-5 एमवीए क्षमता के दो नए सब स्टेशन तैयार किए थे। उज्जैन ग्रामीण के तहत शंकरपुर और बड़नगर के लोहारिया के ये दोनों ही सब स्टेशन गत माह प्रोटोकॉल के तहत ऊर्जीकृत कर दिए गए।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आरडीएसएस के तहत उज्जैन जिले के तीनों सब स्टेशन क्रमश 2.50 करोड़ ,2.62 करोड़, 1.88 करोड़ की लागत से तैयार किए गए हैं। प्रबंध निदेशक सिंह ने बताया कि शंकरपुरा सब स्टेशन से उज्जैन शहर के सीमावर्ती इलाकों के बिजली उपभोक्ताओं के साथ ही आगामी सिंहस्थ के श्रद्धालुओं को भी फायदा मिलेगा। वहीं लोहारिया के सब स्टेशन से ग्रामों के घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही कृषि उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इन सब स्टेशनों के निर्माण में मुख्य अभियंता बी.एल. चौहान, अधीक्षण अभियंता पी.एस. चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

# विधुत बकायादारों के तीन दिन नही कटेंगे कनेक्शनः श्री सुल्या



**खुरई।** विधुत विभाग में कार्य करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी भी इंसान हैं और इंसानियत को हम लोग अच्छी तरह से समझते हैं हम नहीं चाहते हैं कि इस त्राहिमाम गर्मी में किसी भी विधुत उपभोक्ता को बिजली सप्लाई से वंचित रखा जाए, इस तरह की सोच रखने वाले अधिकारी का नाम है मोहन सुल्या जो खुरई में मुख्य कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ हैं, उन्होंने सभी विधुत अधिकारियों और सहयोगी कर्मचारियों को आदेश करते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए किसी भी विधुत बकायादार के तीन दिन तक कनेक्शन न काटे, न ही किसी को अनैतिक रुप से परेशान करे। तीन दिन तक विधुत कनेक्शन विच्छेद करने का कार्य नहीं किया जाएगा। केवल विधुत उपभोक्ताओं से रुबरु रहकर ही वसूली कार्य करेंगे। विधुत लाईन सुधारने के लिए अलग से 03 टीम का गठन किया गया जो केवल विधुत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करेगी, साथ ही विधुत अभियंता/एंव जूनियर इंजीनियर रात्रि 12:00 बजे तक सब स्टेशन और विधुत संबंधी शिकायत सेंटर पर रहेंगे साथ ही सेंटर पर आने वाली शिकायतों को देखेंगे और अवलोकन करेंगे कि निराकरण किस तरह किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर मौके पर कर्मचारियों के साथ रहेंगे। विद्युत उपभोक्ता को किसी प्रकार से कोई समस्या न हो इसलिए ये व्यवस्था की गई है। शिकायत सेंटर पर कॉल न उठाने वाले कर्मचारियों पर शख्त कार्यवाही की जावेगी। लेकिन श्री सुल्या ने आगे सभी बिजली उपभोक्ता से आग्रह करते हुए संदेश दिया है कि जिस तरह सभी विधुत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी आपकी समस्या के प्रति जाग्रत रहकर कार्य करने को तैयार हैं उसी तरह आप भी समय पर बकाया विधुत बिल का भुगतान करे। ताकि आगे हमारे कर्मचारी केवल आपको सतत् बिजली देने की व्यवस्था में काम करते रहे। अगर सही समय बिल का भुगतान होता रहेगा तो अनावश्यक वसूली का कार्य नही करना पड़ेगा। सीमित संख्या में कर्मचारी होने के बावजूद भी हम लगातार विधुत उपभोक्ताओं को सेवा देने के लिए तैयार है। केवल सहयोग की आशा है जिससे हमारे कर्मचारियों का मनोबल बना रहे। नगर के सभी विधुत उपभोक्ताओं ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मोहन सुल्या के इस आदेश की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह की व्यवस्था बनाने से समय पर विधुत उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी जो बहुत ही सराहनीय कदम है, खुरई डिवीजन के मुख्य कार्यपालन अभियंता इसके लिए बधाई के पात्र हैं। आगे श्री सुल्या ने कहा कि में स्वंय रात्रि में विधुत कार्यालय का निरीक्षण करता रहूगा, जिससे यह ज्ञात होता रहेगा कि कौन, कौन सचेत रहकर अपनी,अपनी ड्यूटी सही तरीके से निभा रहा हैं या नहीं।

### प्लेन हादसे में मृत लोगों को श्री समर्पण श्री संस्था है इंद्रा चौक पर दी श्रद्धांजलि



आरती मालवीय

**नर्मदापुरम।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में मृत लोगों को श्री समर्पण श्री संस्था भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्थानीय इंद्रा चौक पर दी गई , और परमपिता परमेश्वर से हादसे में मृत लोगों की आत्म की शांति के लिए प्रार्थना की गई कि परमपिता परमेश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें श्रद्धांजलि में मोमबत्ती जलाकर और 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई । इस श्रद्धांजलि में श्री समर्पण श्री संस्था के संरक्षक डॉक्टर अतुल सेठा , संजीव मिश्रा, स्वदेश सैनी, रहमान खान, विशाल चावरिया, राज खिल्लारे, रोहित कलोसिया ,वीरू पटवा ,अमर शर्मा, आकाश सोनी, राजू आसरे पंकज वेध, अनुज सोनी, सब्बू अंसारी, रानू खान, अमन चुटिले, केतन बरगले, जस्सी बाबरा, अंकित सराठे, जुनेद ताजी, ऋषभ शर्मा, शुभम तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नहर का काम रुकवाने का झूठा आरोप लगाकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

**खिरकिया।** भाजपा के चारुवा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत ने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह राजपूत के उस आरोप को निराधार और किसानों को गुमराह करने वाला बताया है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष ने मुहाल नहर का काम रुकवाने का आरोप मंडल अध्यक्ष पर लगाया है। दरअसल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने मुहाल में चल रहे हैं किसानों के धरना प्रदर्शन को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष पर यह आरोप लगाया है कि उनके द्वारा एसडीएम को आवेदन देकर नहर का काम रुकवाने की कोशिश की गई हैं। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में चारुवा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत ने कहा कि मैं अपने गांव और गांव के किसानों के हित में एसडीएम को ज्ञापन देने गया था, न की नहर का काम रुकवाने। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किसानों को गुमराह ना करें, हमने जो एसडीएम को ज्ञापन दिया है उसमें मुहाल माइनर का कोई जिक्र नहीं हैं। मुहाल माइनर से हमारे ज्ञापन कोई ताल्लुक भी नहीं हैं। हम भी चाहते हैं मुहाल माइनर का काम हो। श्री राजपूत ने कहा कि किसानों के मुआवजा राशि को लेकर कार्य रुका है। लेकिन इसमें भी कांग्रेस के नेताओं ने हमारे नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल और भाजपा पर आरोप लगा दिया कि भाजपा वाले कार्य नहीं होने दे रहे हैं तो मैं कांग्रेसियों से कहना चाहता हूं यह किसानों ने आपत्ति लगाई है, कांग्रेसियों को कुछ भी होता है तो भाजपा और कमल पटेल ही दिखते हैं। जबकि वास्तविकता में कांग्रेसियों का किसानों के हित से कोई मतलब नहीं हैं। हमारे नेता कमल पटेल ने मेरे गांव पिपल्या-भारत को 12 महीने पाइपलाइन योजना में जुड़वाया है और मैं अपने किसानों के हित में इस योजना का किसानों को लाभ दिलवाने की बात कर रहा हूं। ताकि हर किसान के खेत तक पाइप लाइन के माध्यम से पानी मिल सके। इसलिए मैंने पिपल्या-भारत माइनर ना खुदवाकर मुग़ल परियोजना पंप क्रमांक 4 में जु? हुए हमारे गांव के किसानों दिलवाना चाहता हूं। श्री राजपूत ने कहा कि गांव के कांग्रेस जनपद सदस्य बताना चाहे कि हम किसानों के हित में पाइप लाइन योजना नहीं चाहते स्पष्ट हो जाएगा। कौन किसान हित में बात कर रहा है। 80त्न छोटे किसान है। जबकि कांग्रेसी 20त्न किसानों की बात कर रहे हैं और 80त्न छोटे किसानों को नजरअंदाज कर रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि 80त्न छोटे किसानों की भूमि दो भाग में ना बाँटे और जिनको पाइप लाइन का योजना का लाभ मिले। ताकि उनकी जमीन कृषि योग बनी रहे और उनके परिवार का जीवन यापन चलता रहे। हम स्पष्ट कर रहे हैं कि मुहाल पाइप लाइन में सम्मिलित नहीं है इसलिए मुहाल माइनर खुदना चाहिए। लेकिन कांग्रेस भी स्पष्ट करें की पिपल्या-भारत गांव पाइप लाइन से जुड़ा हुआ है इसलिए वहाँ माइनर रुकवा कर उसको पाइप लाइन में सम्मिलित योजना का लाभ दिलाया जाए। परन्तु कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रही है। श्री राजपूत ने बताया कि पिपल्या-भारत माइनर में कुछ विसंगतियां है इसके बारे में खिरकिया एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी क्या किसानों को 2024/25 की गाइडलाइन से मुआवजा राशि दिलाना नहीं चाहते। क्या किसानों के साथ भेदभाव रवैया हो रहा है क्या उस पर भाजपा किसानों के साथ ख ?ी हैं तो यह कौन सा भाजपा नेताओं ने अन्याय कर दिया। क्या हम 12 महीने वाली पाइप लाइन से हमारा गांव में सब किसानों के हित में हर खेत तक पानी पहुंचाने की बात कर रहे हैं इसमें भाजपा नेताओं ने कौन सा गलत कर दिया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकर हमारे गांव में देखें नहर खुदी हुई है। लेकिन आज तक पानी नहीं आया किसने की जमीन दो भाग में बंट गई जो खेती योग नहीं है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपूत ने कहा कि कांग्रेस नेता धरने पर बैठकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हो मौके पर जाकर किसानों की वास्तविक स्थिति को समझे। मैं अपने गांव में कांग्रेस के नेता को वास्तविक स्थिति देखने के लिए बुलाता हूं। यह हमको पता है कि अंतिम छोर वाले जो छोटे-छोटे किसान है उनको ऊपर वाले किसान पानी नहीं ले जाने देते। जिससे नहर से लगी हुई जमीन सिंचित होती है और हजार 500 फीट की दूरी वाली खेती में किसानों को पानी नहीं मिलता और टेल एरिया होने के कारण हमारे को आज तक पानी नहीं मिला इसलिए हमने पिपल्या भारत मुगल के पंप क्रमांक 4 परियोजना में सम्मिलित ग्राम है जिसका कार्य कांग्रेस के नेता जाकर देखे चौकड़ी तक कार्य गति पर है। झूठ बोलकर भ्रमित करना बंद करें कांग्रेस नेता तथ्य के साथ बात करें और अनर्गल बात करके अपनी राजनीतिक रोटी ना सके।

# सर्पदंश एवं हार्ट अटैक के उपयोग होने वाले इंजेक्शन विकासखंड पर उपलब्ध कराने हेतु प्रासुक जैन ने उप मुख्यमंत्री मंत्री से की मांग



**सागर!** गुरुवार को सागर प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिला प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला से भाजपा स्वयंसेवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रासुक जैन ने जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विधायक शैलेंद्र कुमार जैन,जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया एवं जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन के साथ ज्ञापन सौंप कर मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से प्रासुक जैन ने मांग की है कि वर्षा ऋतु में सर्पदंश एवं अन्य कीटदंश के मामलो में वृद्धि आती है, जिसमें अधिकतर केस ग्रामीण स्तर पर दर्ज होते है, परन्तु एण्टी स्नेक वीनम (अस्व) इंजेक्शन की उपलब्ध जिला मुख्यालय पर होती है, जहाँ तक पहुँचने में समय लग जाता है, जिस कारण पीड़ित के शरीर में जहर फेलने का खतरा बढ़ जाता है एवं जान जाने की खतरा बना रहता है। इसी प्रकार हृदयाघात / पक्षाघात की स्थिति में विकासखण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी जिला मुख्यालय से अधिक होने के कारण पीड़ित को समय पर उपचार नहीं मिल पाता एवं जान का खतरा होता है। इसलिये कुछ आवश्यक जीवन रक्षक इंजेक्शन विकासखण्ड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जाना अतिआवश्यक है।

चूँकि ये विदित है प्रत्येक केन्द्र पर वैक्शीनेशन की व्यवस्था होने के कारण रेफ्रीजेटर एवं कोल्ड सप्लाई चेन की उपलब्धता पहले से है। इसलिये इसको शीघ्र प्रारंभ करने में कोई परेशानी नहीं होगी एवं ना ही शासन को इसका कोई आर्थिक भार होगा।

प्रदेश के सभी विकासखण्डो एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर एण्टी स्नेक वीनम (अस्व) इंजेक्शन एवं हृदयाघात (हार्ट अटैक) में आवश्यक जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराने एवं इसके लिये स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने विषय की गंभीरता देखते हुए अभिलंब सार्थक कार्यवाही हेतु आश्वासित किया है।

### थाईलैंड के पटाया स्थित गुरुद्वारा पहुंचे जन सेवक मनी सिंह गुरोंन भेट करेंगे सहयोग राशि

**विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्म शांति के लिए करेंगे प्रार्थना**



**सागर।** सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष और जनसेवक मनी सिंह गुरोंन इन दिनों व्यापार के सिलसिले में विदेश यात्रा पर हैं,मनी सिंह गुरोंन का सेवा कार्य विदेश में भी जारी है दरअसल मनी सिंह इन दिनों थाईलैंड के पटाया में है और पटाया में सिख समुदाय द्वारा स्थापित गुरुद्वारा माथा टेकने पहुचेंगे,मनी सिंह द्वारा गुरुद्वारा में सेवा कार्य के लिए थाईलैंड की मुद्रा (5 हजार थाई बहत)करीब 13 हजार भारतीय रुपए,सहयोग राशि के रूप में गुरुद्वारा कमेटी को शनिवार को भेंट करेंगे,वहीं उन्होंने बीते दिन हवाई दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए गुरुद्वारा साहिब के (ज्ञानी जी)पुजारी जी से मृत आत्माओं की शांति के लिए अंतिम अरदास भी कराएंगे और वाहेगुरु से सभी मृत आत्माओं को श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करेंगे साथ ही उनके परिजनों को भी इस गहन दुख को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से अरदास भी करेंगे मनी सिंग ने इस भयावह दुर्घटना पर दुख जताया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला



**मैहर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को विवेचना सम्बंधी दैनिक कार्यों में कुशल बनाने एवं डिजिटलाइजेशन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर के सभागार में दिनांक 12 एवं 13 जून को नवीन अपराधिक कानून की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में जिला अभियोजन अधिकारी गणेश पाण्डेय के द्वारा नवीन आपराधिक कानून में हुए बदलाव, ईएफआईआर व जीरो एफआईआर के पंजीकरण संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। एफएसएल डॉक्टर महेन्द्र सिंह के द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य एवं उनके कलैक्शन के संबंध में निरीक्षक रेनू मिश्रा एवं लक्ष्मी बागरी द्वारा नवीन कानून में महिला एवं बालक बालिकाओं संबंधी अपराधों में हुए बदलाव की जानकारी उपनिरीक्षक अजीत सिंह द्वारा फिंगर प्रिंट आइडेंटिफिकेशन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। निरीक्षक विजय सिंह परस्ते द्वारा प्रैक्टिकल सेनेरियो एंड मॉक इन्वेस्टिगेशन विषय पर मॉक ड्रिल के माध्यम से हत्या जैसे गंभीर अपराधों के घटना स्थल का निरीक्षण किस प्रकार से किया जाए एवं उसकी विवेचना के दौरान कौन सी सावधानी रखी जाए के बारे में बताया गया। इसके साथ ही उक्त कार्यशाला में सीसीटीएनएस एप, ई साक्ष्य ऐप, आई गॉट कर्मयोगी एप आदि का प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सागर के हृदय स्थल तीन पर भाजपा यमुना ताई मंडल ने दी विमान हादसे में दिवंगत जनों को श्रद्धांजली जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी बोले पूरा देश पीडित परिवारों के साथ है



**सागर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर देश में शोक की लहर है। सागर के हृदय स्थल तीन पर भारतीय जनता पार्टी के यमुना ताई मंडल द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश केशरवानी जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया लक्ष्मन सिंह,जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन,जिला मंत्री सुषमा यादव, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया,राहुल साहू, मंडल महामंत्री विकास केशरवानी एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिती में कैंडल जलाकर एवं दो मिनिट का मौन धारण कर हादसे में दिवंगत जनों को श्रद्धांजली अर्पित की गई एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना की गई।

#### श्रद्धांजली उपरांत मीडिया से चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा

अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान दुर्घटना में बड़ी संख्या में भाई-बहनों की दुखद मुत्यु बहुत ही असहनीय है और इससे पूरा देश स्तब्ध है। हम भारतीय जनता पार्टी की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस कठिन समय में पूरा देश पीडित परिवारों के साथ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने घटना स्?थल पर पहुंचकर स्थिति को देखा है व घायलों से मिलकर कुशलक्षेम जाना है। श्रद्धांजली सभा में पार्षद रानी पराग बजाज,प्रीति केसरवानी,वरिष्ठ नेता अजय लंबरदार,महामंत्री कुलदीप खटीक, उपाध्यक्ष दीपक जैन आकाश ठाकुर सोनू चौहान चिराग सबलोक जी, हर्षित साहू नमन समैया,राहुल वैघ, राहुल पडेले,कैलाश गुप्ता,अखिलेश कोठिया, सुमित यादव, हिमांशु जोशी,विजय पटेल,जय सोनी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आम जन उपस्थित रहे।

# मौसम की मार से शहर के ढाई हजार से अधिक निर्माण कार्यों पर बुरा असर

#### ईंटों सहित निर्माण सामग्री के दामों में हुई वद्धि

**इन्दौर।** पिछले माह हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण ठप पड़े ईंट भट्टों पर अब तक नई ईंटों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाने से शहर में चल रहे करीब ढाई हजार छोटे-बड़े निर्माण कार्यों की रफ्तार या तो थम गई है या कम पड़ गई है। दूसरी ओर मांग के मुकाबले उत्पादन नगणन्य होने से ईंटो के भावों में भी अप्रत्याशित तेजी आ गई है। निर्माण कार्यों में लगने वाली अन्य सामग्री जैसे रेती, चूरी, गिट्टी एवं अन्य सामग्रियों के दाम भी बढ़ गए हैं।

म.प्र. ब्रिक्स मेन्यू. एसो. के अध्यक्ष रमेश प्रजापति, संरक्षक मांगीलाल रेडवाल एवं रमेश चंद्र कश्यप ने बताया कि पिछले माह 4 से 6 मई और उसके बाद हुई बेमौसम बारिश के कारण शहर के 600 से अधिक ईंट भट्टों पर रखी गई लाखों ईंटे मलबे के ढेर में तब्दील हो गई, जिन्हें पकाने के लिए रखा गया था। अचानक हुई ओलावृष्टि और वर्षा के कारण ये सभी ईंटें नष्ट हो चुकी हैं। इसके कारण ईंट भट्टों पर फैला हुआ मलबा भी बमुश्किल हटाया जा रहा है, लेकिन इस स्थिति में नई ईंटों का निर्माण कार्य पिछले एक माह से लगभग ठप हो चुका है।

शहर में करीब ढाई हजार स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं, किन्तु मांग के मुकाबले में ईंटों का उत्पादन नगण्य होने से सभी निर्माण कार्यों की गति धीमी पड़ गई है, बल्कि कई निर्माण कार्य तो बंद ही हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा के पूर्व ईंटों के भाव आठ से साढ़े आठ हजार रुपए प्रति हजार चल रहे थे, लेकिन अब मांग बढ़ने से इंटों के भाव नौ हजार रुपए से भी ऊपर तक पहुंच गए हैं। यही नहीं कई भवन निर्माता और अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े लोग आसपास के जिलों से ईंटे लाकर अपना काम महंगे दामों पर चलाने पर मजबूर हो रहे हैं। ठेकों पर काम करने वाले लोग घटिया मटेरियल का उपयोग भी करने पर बाध्य हैं, क्योंकि उन्हें समय पर अपना काम पूरा करने का अनुबंध निभाना है। ईंटों के साथ-साथ रेती, गिट्टी और चूरी के दामों में भी बढोत्तरी हो जाने से निर्माण कार्यों की लागत 25 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### कांग्रेस नेत्री पदमा शुक्ला का निधन



**कटनी।** मप्र समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरमैन, विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सियासी पृष्ठभूमि से जुड़ी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती पद्मा शुक्ला का गुरूवार की रात हरिद्वार में दुखद निधन हो गया। कैमोर समेत समूचे जिले में जिसने भी यह दुखद समाचार सुना, स्तब्ध रह गया। उनकी पार्थिव देह हरिद्वार से कैमोर आने पर आज कैमोर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक वे पिछले एक सप्ताह से धार्मिक यात्रा पर थी। गुरूवार को वे हरिद्वार पहुंची तथा यहां भी उन्होंने मंदिरों में दर्शन किए। गुरूवार की रात ही उन्हें ट्रेन से कटनी वापस आना था। बताया जाता है कि जब वे हरिद्वार में होटल छोड़ रही थी, तभी उन्होंने साथ में मौजूद एक सहायिका को सीने में कुछ दर्द होने की जानकारी दी। साइलेंट अटैक के चलते कोई कुछ समझ पाता और इलाज के लिए उन्हें कहीं ले जाया जाता इसके पहले ही उन्होंने होटल में ही अंतिम सांस ली। पद्मा जी के साथ उनके पति शैलेन्द्र शुक्ला भी थे।

### मंडी गेट पर व्यापारियों का प्रदर्शन

**कटनी।** कृषि उपज मंडी में बाहरी व्यापारियों का नियम विरुद्ध लाइसेंस बनने को लेकर स्थानीय व्यापारी विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को इस मुद्दे पर व्यापारियों ने हंगामा कर दिया और कृषि उपज मंडी के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि कुछ व्यापारी द्वारा अन्य राज्य व जिले के लोगों के नाम से फल-सब्जी नवीन अनुज्ञप्तियां बनाई है, जो बिना पुलिस वेरिफिकेशन एवं व्यापार करने का स्थल, नशा के अनुसार बनाई गई, जो कि अनुचित अवैधानिक है। इसकी सूचना मंडी सचिव को पत्र के माध्यम से दी जा चुकी है। परंतु आज तक मंडी सचिव द्वारा कोई भी उचित कार्रवाई इस संबंध में नहीं की गई । मांग की गई है कि नवीन अनुज्ञप्तियों के पुलिस वेरिफकेशन और पूर्व में व्यापार करने का स्थल, नशा की जांच करवाई जाए, क्योंकि इनके द्वारा कटनी कृषि उपज प्रागंण में कभी व्यापार ही नही किया गया, इसलिये इन अनुज्ञप्तियों को निरस्त किया जाए। प्रदर्शन के दौरान सबसे अधिक समस्या का सामना सब्जी लेकर पहुंचे किसानों और छोटे व्यापारियों को करना पड़ा।

### तत्वों ने तोड़ी लाइन, हजारों गैलन पानी बर्बाद

**कटनी।** हाउसिंग बोर्ड मोड़ क्षेत्र में अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा पानी की मुय आपूर्ति पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाने की घटना सामने आई है। यह पाइपलाइन इमलिया खदान से फिल्टर प्लांट तक पानी लाने का काम करती है, जहां फिल्ट्रेशन के बाद इसे शहर के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई किया जाता है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह गया। जानकारी के अनुसार पाइप लाइन को आगे से जोड़कर जानबूझकर उसे क्षतिग्रस्त किया गया है। ननि के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्य किसी शरारती तत्व द्वारा ही किया गया है, जिससे न केवल पानी की बर्बादी हुई है, बल्कि शहर की सप्लाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

### महाकाल मित्र मंडली ने किया मासूम महक के पिता का किया अंतिम संस्कार

**दमोह।** सामाजिक संस्था महाकाल मित्र मंडली के सदस्य साहिल विरमानी, जेपी मिश्रा,प्रकाश गोस्वामी, आदित्य असाटी, ऋषि खरे को जानकारी प्राप्त हुई कि बुरहानपुर के नेपानगर निवासी विकास चिंधा हाटकर जो लोकमान्य तिलक कुर्ला एक्सप्रेस से कटनी की और जा रहें थे जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनका दु:खद निधन हो गया। महाकाल मित्र मंडली के सदस्य साहिल विरमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शव अज्ञात अवस्था में था। जिसकी शिनाख्त नेपानगर बुरहानपुर निवासी के रूप हुई। जिसमें मृतक विकास की 12 वर्षीय मासूम बिटिया अपने पिता का शव लेने दमोह पहुंची तो मासूम बिटिया के पास शव को बुरहानपुर लेने जानें की व्यवस्था नहीं थी। तब हमारी महाकाल मित्र मंडली के सदस्यों ने मिलकर अंतिम संस्कार किया। सामाजिक कार्यकर्ता जेपी मिश्रा ने बताया कि हमारी संस्था गैर राजनीतिक है। हमारे महाकाल मित्र मंडल के सदस्यों का कहना है कि यह एक सेवा रूपी कार्य जो हमारे सदस्य करते हैं।

# प्रधानमंत्री जी की सोच है, कुपोषण को समाप्त करके जच्चा-बच्चा स्वस्थ रहेः सामाजिक न्याय मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार

### सामाजिक न्याय मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

### जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डो का जायजा लिया। उन्होंने पेथोलॉजी, कोविड वार्ड, बच्चा वार्ड, महिला वार्ड से लेकर जिला अस्पताल परिसर, साफ-सफाई का निरीक्षण किया और मरीजों को मिल रहीं सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर डॉ.मुकेश जैन ने जिला चिकित्सालय में मरीजों को मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, भरत यादव, सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र ठाकुर, डॉ. रीता चटर्जी, डॉ. जलज बजाज खासतौर पर मौजूद थे। मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा प्रधानमंत्री जी की सोच है, कुपोषण को समाप्त करके जच्चा बच्चा स्वस्थ रहे। मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये सारे देश में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों और महिलाओं के वार्ड में जाकर निरीक्षण किया। जो नवजात शिशु कम वजन के है, उनके लिये अलग व्यवस्था है, उसको जाकर देखा। उन्होनें कहा स्वास्थ्य सुविधाएं पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत इंस्टीट्यूशनल में डिलेवरी को बढ़ावा दिए जाने से बाल व शिशु मृत्यु दर में कमी आई है, वहीं सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत



पहले बहुत सारी धारणाएं रहती थी और हमारी माताएं, बहनें डिलेवरी घरों पर कराते थे, उसके कारण से बहुत सारी केजुलिटी होती थी, अब इसमें काफी सुधार हुआ है। डिलेवरी के बाद सरकार द्वारा सब तरह से आर्थिक सहायता के साथ उनकी चिकित्सकीय देखभाल के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा पैथोलॉजी लैब में देखा कि सब तरह के जाँचों का प्रबंध किया गया है, सब तरह के सैम्पल यहीं लिए जाते है, पहले डायलीसिस बड़ा गंभीर माना जाता था और डायलिसिस की सुविधा पहले नही थी। लेकिन आज डायलीसिस की मशीनें अपग्रेड हो रही है, जो वर्किंग कंडीशन में है। अस्पताल का निरीक्षण करते समय मैंने देखा कि चाहे गलियारा हो या वार्ड सभी स्थानों पर स्वच्छता पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। जब इस संबंध में सिविल सर्जन से चर्चा की मैंने पूछा क्या आज ही सफाई व्यवस्था ऐसी है, या प्रतिदिन रहती है, तो सिविल सर्जन ने कहा, यहाँ पर हमेशा ही सफाई की व्यवस्थाएँ की जाती है और सुबह जब राउंड होता है उसके पहले ही अस्पताल में सफाई कर दी जाती है,मंत्री डॉ. कुमार ने कहा बहुत से पेशेंट से मैने बातचीत की जो यहॉ की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये। उन्होंने कहा कई बार व्यक्ति पहले प्राइवेट हॉस्पिटल में चला जाता है, लेकिन प्राइवेट अस्पताल में जब स्थिति गंभीर होने लगती है, तो प्राइवेट हॉस्पिटल वाले बोलते है, आप पेशेंट को सरकारी अस्पताल में ले जाइये और ऐसी गंभीर स्थिति में जब पेशेंट यहाँ पर आते हैं,तो अस्पतालों में इतना ज्यादा वर्किंग लोड होने के बाद भी डॉक्टर जिस पेशेंस के साथ में मरीज को अटेंड करते है, जिससे मरीज के अंदर निराशा का भाव दूर होता है और आत्मविश्वास का भाव जागृत होता है, मरीज जब डॉक्टर के पास आता है, तो आधा मरीज डॉक्टर के व्यवहार से ठीक हो जाता है और यहाँ पर जो गर्वमेंट हॉस्पिटल होते हैं और प्राइवेट हॉस्पिटल में एक विशेष अंतर होता है, कि गर्वमेंट हॉस्पिटल सेवा की दृष्टि से चलाये जाते है, आज विभिन्न सेक्शन में जाकर हमने देखा, पिछले बार जब में आया था तो भवन नही बना था लेकिन नया भवन बन जाने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है। लेकिन अभी भी हमारे देश में जिस हिसाब से पॉपुलेशन बढ़ रही है, बढ़ी हुई जनसंख्या के अनुपात व्यवस्थाएँ की जाती है, कुछ समय के बाद वो व्यवस्थाएँ छोटी पड़ने लगती है, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार, राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चिकित्सा को बेहतर बनाने के लिए अग्रसर है।

## अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने 15 जून तक का अल्टीमेटम

### अपराधों पर नियंत्रण करने एक्शन मोड पर एसपी

**कटनी।** जिले में पदभार ग्रहण करने के साथ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराधों पर लगाम कसना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों पुलिस अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक में उन्होंने अपने तेवर साफ कर दिए हैं। एसपी ने अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक एसपी ने अधीनस्थ अमले से दो टूक कहा है कि पहले जैसा चलता था, अब नहीं चलेगा। अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाए और पुलिसिंग पर फोकस किया जाए। बताया जाता है कि एसपी की दो टूक के बाद अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कप मच गया है। सट्टा, जुआ, शराब के साथ गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त लोग नए ठिकाने की तलाश में है। यह भी पता चला है कि कप्तान ने अवैध



गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए 15 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद पुलिस एक्शन मोड पर रहेगी और इन अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि तत्कालीन एसपी अभिजीत कुमार रंजन के तबादले के बाद पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आईपीएस अभिनय विश्वकर्मा की कटनी जिले में पोस्टिंग की गई है। उनका तबादला उस समय किया गया था, जब कटनी पुलिस पर एक मामले में पीड़ित पक्ष पर पिटाई का आरोप लगा है, हालांकि इस मामले में डीएसपी प्रभात शुक्ला और महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा को जबलपुर अटैच किया जा चुका है लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बाद कहीं न कहीं पुलिस की छबि को भी धक्का लगा है। पिछले कुछ समय से कटनी पुलिस वैसे भी लगातार विवादों में घिरी रही है। लचर कानून व्यवस्था, अपराधियों से गठजोड़ के साथ ही थानों में फरियादियों से अनुचित व्यवहार के मामलों ने कटनी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया है। यही कारण है कि कटनी जिले में अपनी पोस्टिंग के साथ ही एसपी अभिनय विश्वकर्मा अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही पुलिसिंग सिस्टम को पटरी पर लाने की कवायद में जुटे हुए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 15 जून के बाद से इसमे कुछ सुधार देखने को मिलेगा।

#### चालानी कार्रवाई पर विराम

एसपी ने अपनी पहली पत्रकारवार्ता में जो बातें कही थी, उस पर अमल भी शुरू हो गया है। पत्रकारवार्ता में एसपी को बताया गया था कि जिले में पिछले कुछ समय से वाहन चैकिंग की आड़ में चालकों से अवैध वसूली की जाती है। जिस पर एसपी ने संज्ञान लिया था। जिसके बाद से वाहन चैकिंग पर विराम लग गया है।

#### कानून व्यवस्था बनाए रखने दी हिदायत

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने थाना व चौकी प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर पुलिस प्रशासन के कामकाज, दिशानिर्देशों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर निर्देश दिए। यह बैठक पुलिस प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में थाना प्रभारियों को जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक से जिले में पुलिस प्रशासन की कार्य शैली में सुधार और अधिक प्रभावी कानून व्यवस्था स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## नवागत सीएमएचओ का स्वा. कर्म. संघ ने किया स्वागत



**दमोह।** नवागत सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अठ्या का म.प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर स्वागत किया, प्रांतीय प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि डॉ. अठ्या जी ने कर्मचारियों से शासन की मंशानुरूप कार्य करने एवं लंबित समस्याओं का आपसी समन्वय के साथ निराकरण करने की उम्मीद जताई, इस मौके पर जिलाध्यक्ष केआर पांडेय, एवं उपाध्यक्ष राकेश गर्ग की मौजूदगी रही।

## स्टेट हाइवे पर बाइक में बैग से शराब तस्करी, तेंदूखेड़ा पुलिस ने 300 पाव शराब के साथ युवक को पकड़ा

**दमोह।** जिलेभर में अवैध शराब की तस्करी और विक्रय का दौरा चरम पर है एक तरफभगवती मानव कल्याण संगठन से जुड़े लोग जगह अवैध शराब को पकड़वाने की कार्रवाई में जुटे हुए हैं वही विभिन्न थाना क्षेत्र की पुलिस भी सूचना मिलने पर शराब पकड़ने की कार्यवाही कर रही है ताजा मामला तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में सामने आया यहां बाइक में बैग से शराब तस्करी करते आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ा है।सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर बाइक से शराब तस्करी का यह अनोखा मामला सामने आया है। दरअसल 12 जून को तेंदूखेड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झापन तरफ से झलौन तेंदूखेडा तरफ अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब परिवहन की जा रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रभारी नितेश जैन मार्गदर्शन में हमराही स्टाफ सूचना तस्दीक हेतु झलौन बस स्टैण्ड पहुंचा। जहा झापन तरफसे आ रहा एक बाइक सवार पुलिस को देखकर घनेटा तरफ भागने लगा। जिसका पीछा कर कुटी मंदिर धनेटा के पास रोककर



वीडियो निर्माण करते हुये मोटर साईकिल पर रखे थैला व बैग को चेक किया गया। जो देशी लाल मसाला शराब के 250 पाव व देशी प्लेन शराब के 50 पाव कुल 300 पाव देशी शराब (54 बल्क लीटर) कीमती 29500 रूपये एवं एक ज्टै स्टार सिटी प्लस मोटर साईकिल बिना नम्बर की कीमती करीब 30000/- रुपये आरोपी अरूण सिंह गौड़ से जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अप.क्रं. 237/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत थैला व बैग में देशी लाल मसाला शराब के 250 पाव व देशी प्लेन शराब के 50 पाव कुल 300 पाव देशी शराब (54 बल्क लीटर) कीमती 29500 रूपये । एक ज्टै स्टार सिटी प्लस मोटर साईकिल बिना नम्बर की कीमती करीब 30000/- रुपये कुल मशरूका 59500-रुपये जब्त करके आरोपी अरूण पिता चरण सिंह गौड़ उम्र 25 साल नि. ग्राम केवलारी मनकेड़ी, थाना बेलखेड़ा, जबलपुर को गिरफ्तार कर आज कोर्ट में पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी तेंदूखेडा उनि. नीतेश जैन, प्रआर बृजेश तिवारी, रविचंद सेन, महेश कुमार, शालिम खान, आर नंदलाल कुर्मी, रणधीर सिंह, नीरज नामदेव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं सायबर सेल से प्रआर राकेश अठ्या व आर. रोहित सिंह राजपूत का विशेष योगदान रहा।

## रेल ट्रैक पर टुकड़ों में मिली लाश



**कटनी।** कटनी-जबलपुर रेलखंड के निवार स्टेशन के समीप एक युवक के हाथ-पैर बांधकर उसे रेलवे ट्रेक पर फेंक दिया गया। गुरुवार की सुबह युवक का शव टुकड़ों में ट्रेक पर मिला। जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी ने बताया कि निवार स्टेशन से एक किलोमीटर दूर जबलपुर की ओर ट्रेक पर एक शव होने की सूचना रात करीब 2 बजे मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। शव की तलाश में करीब एक घंटे तक पुलिस ट्रेक पर ही चलकर मौके पर पहुंची तो शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। मृतक के हाथ व पैर रस्सी से बंधे हुए थे। इससे मृतक की हत्या करने का मामला प्रतीत हो रहा है। मृतक की शिनाख्त ग्राम घुघरा निवासी 35 वर्षीय सुनील प्यासी के रूप में की गई है। मृतक के भाई भट्ठा मोहल्ला निवासी महेश प्यासी ने बताया कि उनका भाई सुनील घर से शाम करीब 4 बजे ट्रेक्टर लेकर निकला था। इसके बाद उससे बात नहीं हुई। आधी रात में पुलिस ने फोन कर बताया कि सुनील का शव ट्रेक पर पड़ा हुआ है। परिजनों को आशंका है कि सुनील का शव हत्या कर बांधकर ट्रेक पर फेंका गया है। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मृतक सुनील प्यासी का एक स्थानीय दुकानदार से उधारी को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद मारपीट की घटना भी हुई है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हत्या किसने और कब की है। सुबह सूचना पाकर पहुंची निवार पुलिस ने एक किराना दुकान के समीप से मृतक का ट्रेक्टर बरामद किया है। जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि निवार के समीप ट्रेक पर युवक का शव पाया गया है। मृतक के हाथ-पैर बंधे हुए थे। प्रथम दृष्टया प्रकरण हत्या का प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

### श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में आचार्य विद्यासागर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**दमोह।** श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में हुआ आचार्य विद्यासागर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन। क्यूरेटर वर्षा जैन, प्राची जैन ने श्रेष्ठ पिच का निर्माण किया। जिसमें श्रमण संस्कृति युवा मंडल एवं जिन देशना बालिका मंडल के मध्य क्रिकेट मैच खेल गया। राष्ट्रगान एवं मेरी भावना से मैच शुरू हुआ श्रमण संस्कृति युवा मंडल के कप्तान अर्णव जैन ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। जिन देशना बालिका मंडल ने 80 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें सबसे ज्यादा 36 रन सेजल जैन ने बनाए। समी ने 22 रन बनाए। बैटिंग करने उतरी श्रमण संस्कृति युवा मंडल टीम निरंतर विकेट खोटी गई और 66 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सबसे ज्यादा 37 रन आरुष जैन ने बनाए त विकेट लेकर मैन ऑफद मैच भी रहे।

## अग्रवाल महिला मिलन समिति द्वारा नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन

### 7 जून से 11 जून तक अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन चौक में आयोजित रहा

**दमोह।** अग्रवाल महिला मिलन समिति दमोह द्वारा महिलाओं व लड़कियों के लिए नि: शुल्क

समर कैंप का आयोजन विगत पांच दिनों से कराया जा रहा है जिसमे कई प्रकार के हुनर सभी को सिखाये जा रहे है जो आगे भविष्य में उनके काम आएंगे। जिसमे पहले दिन कान्हा जी की पोशाक व पगड़ी बनाना श्रीमती रानू श्री मनीष अग्रवाल द्वारा, दूसरे दिन केक बनाना व आइसिंग करना सुश्री प्राजक्ता



श्री संजय अग्रवाल द्वारा, तीसरे दिन गोद भराई के लिए साधे व पकवान बनाना श्रीमती सीमा श्री अनिल अग्रवाल व श्रीमती रचना श्री दीपक अग्रवाल द्वारा, चौथे दिन सिंपल व ब्राइडल मेकअप तनीषा ब्यूटीपार्लर की श्रीमती वंदना चौरसिया द्वारा व अंतिम दिन योगा प्रशिक्षण आर्ट ऑफ लिविंग की योगा टीचर श्रीमती अनीता श्री के सी अग्रवाल द्वारा दिया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने व दूसरे शहरों में शादी हुई और अपने मायके दमोह आई हुई बेटियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया और नई नई कलाकारियां योग्य व अनुभवी महिलाओं द्वारा प्राप्त किया।अपनी सीखी हुई कला का उपयोग करके कोई भी महिला भविष्य में अपना रोजगार खोलने या किसी और को योग्य बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। महिला मिलन की अध्यक्ष श्रीमती कंचन व सभी पदाधिकारियों श्रीमती सीमा, रश्मि, रचना, सपना, वीणा, सपना श्री मनोज ने कार्यक्रम को बहुत ही अच्छी तरह सम्पन्न कराया। महिला मिलन समिति की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता, श्रीमती संगीता, श्रीमती रमा, श्रीमती सुमित्रा व महिला मिलन की बहनों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। साथ-साथ भूले बिसरे गेम का आयोजन भी महिला मिलन समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन दिवस पर सभी प्रशिक्षण देने आई महिला प्रशिक्षिकाओं को महिला मिलन समिति के तरफसे आभार स्वरूप गिफ्ट दिए गए।

## ब्रीफ न्यूज

### रेगुलर, नॉन रेगुलर एम्प्लाई की डेटा एंट्री जांच जारी

**भोपाल।** प्रदेश में 45 हजार कर्मचारियों अधिकारियों का 4 माह से वेतन नहीं निकाले जाने के मामले में राज्य सरकार ने कोषालय अधिकारियों को डेटा टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। इसका खुलासा एसएफआईसी (स्टेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस सेल) ने किया था जिसके बाद सरकार सतर्क हुई है और अब प्रदेश के नियमित और दैनिक वेतन भोगी, स्थायी, संविदा व आउटसोर्स, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डेटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से किया जा रहा है। आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-समय पर पत्र लिखकर डेटा की पुष्टि के लिए निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एसएफआईसी) संचालित है जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डेटा का एनालिसिस करता है। इसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस सेल द्वारा ऐसे 45 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण किया गया जिनके पिछले चार महीनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों की डिटेल का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डीडीओ से कराए जाने के लिए आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा निर्देश जारी किए गए। यह कहा गया है कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो समय-समय पर आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा की जाती है।

### संगठन सृजन की वजह से टलेगा युवा कांग्रेस चुनाव

#### 20 जून को दिल्ली में राहुल गांधी पर्यवेक्षकों की लेंगे बैठक

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय एवं प्रदेश के पर्यवेक्षक अलग-अलग जिलों के प्रवास पर हैं। इस बीच युवा कांग्रेस के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। ऐसे में संगठन सृजन का काम देख रहे केंद्रीय पर्यवेक्षकों के समक्ष यह मांग उठ रही है कि युवा कांग्रेस के चुनाव को आगे बढ़ा दिया था। सभी पर्यवेक्षक 20 जून को दिल्ली में होने वाली संगठन सृजन की समीक्षा बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अन्य के सामने युवा कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम आगे बढ़ाने की बात रख सकते हैं।

मप्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने बताया कि संगठन सृजन के बीच युवा कांग्रेस चुनाव उचित नहीं है। इसे टालने के लिए पार्टी नेतृत्व से मांग की है। संगठन सृजन कार्यक्रम के साथ ही यदि युवा कांग्रेस के चुनाव होते हैं तो फिर दोनों कार्यक्रम प्रभावित होने की संभावना है। पार्टी नेताओं की रुचि युवा कांग्रेस के चुनाव में भी है। सभी बड़े नेता अपने-अपने चहेतों को युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनवाने के लिए गोटियां फिट कर चुके हैं।

### 'झिन्ना' के जाल में उलझे मंत्री राकेश शुक्ला

**भोपाल।** प्रदेश के कटनी जिला स्थित ग्राम झिन्ना एवं हरैया में बंद पड़ी खदान को चालू करवाने के लिए मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख दी है। मंत्री ने चिट्ठी में कहा है कि मेसर्स सुखदेव गोयनका कटनी के ग्राम झिन्ना एवं हरैया में स्वीकृत खनि पट्टा के संबंध में उच्च न्यायालय भी आदेश कर चुका है। इसलिए परीक्षण कराकर स्वीकृत खनिपट्टा के अधिकार दिलाएं जाएं। चिट्ठी लिखने का मामला उठा तो मंत्री ने कहा कि उन्होंने कोई चिट्ठी नहीं लिखी है। हालांकि इससे पहले मंत्री नागर सिंह चौहान ने वन मंत्री रहते इसी खदान का खनि पट्टा देने के लिए नोटशीट लिख दी थी। बाद में उन्हें वन मंत्रालय छोड़ना पड़ा था।

मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि आनंद गोयनका ने खनिज अधिकारी संबंधी दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके आधार पर उन्होंने नियमानुसार कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। दरअसल, कटनी की झिन्ना एवं हरैया खदान का जो पट्टा मेसर्स सुखदेव प्रसास गोयनका को स्वीकृत है। उस संबंध में उच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया था उसके विरुद्ध वन विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की है। इस वजह से वन विभाग उच्च न्यायायल के आदेश पर पट्टा का अधिकार नहीं दे रहा है। हालांकि झिन्ना एवं हरैया में तीन अलग-अलग फर्म को खनि पट्टा स्वीकृत हुए थे। इनमें तीसरी फर्म ने अपना पट्टा एक फर्म को दिया है। जो पूर्व मंत्री के परिजनों से जुड़ी फर्म है। तीसरी फर्म सुखदेव प्रसाद गोयनका है। जिसके नाम पर खनि पट्टा स्वीकृत है, लेकिन मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। जबकि झिन्ना एवं हरैया में अन्य फर्मों के पास खनिपट्टा के अधिकार हैं।

# मप्र बनेगा भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र

### एमपी का फ्रांस के साथ एमओयू



**भोपाल।** मप्र और फ्रांस के बीच संस्कृति-पर्यटन क्षेत्र में शुक्रवार को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। अब यह मप्र को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, पर्यटन और संस्कृति के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज डी. भोपाल के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अगले 3 साल के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक संबंधों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। इससे प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

#### नए अवसर खुलेंगे

भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. मथौ ने इस साझेदारी पर कहा कि हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करेगा। जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खान-पान और अन्य संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की पर्यटन प्रचार सामग्री का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया जाएगा और फ्रांसीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र के अधिकारियों और गाइड्स को फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह समझौता प्रदेश की सांस्कृतिक कूटनीति को बल देगा और स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, छात्रों तथा सांस्कृतिक संगठनों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जिससे मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र कुमार सिंह, फ्रांस के कौंसुल जनरल जीन मार्क सेरे शार्ले, फ्रांसीसी दूतावास के राजनीतिक परामर्शदाता शाद जॉयनाल आबेदीन और अलायंस फ्रांसेज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. मथौ ने सांची, भीम बेटका समेत कई पर्यटन स्थलों पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्हें टूर गाइड एवं स्कॉट अजय सिंह ने राजदूत को सांची समेत पर्यटन स्थलों से जुड़ी जानकारियां दीं।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में डिप्टी रेंजर निलंबित

**भोपाल।** नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में डिप्टी रेंजर विष्णुकांत त्रिपाठी को वनरक्षक से मारपीट और अभद्रता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एसटीआर के प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर मयंक गुर्जर ने शुक्रवार को उनका सस्पेंशन ऑर्डर जारी किया। त्रिपाठी देनवा बफर रेंज के देलाखारी में पदस्थ थे। अब उन्हें बागड़ा बफर रेंज ऑफिस में अटैच किया गया है। यह कार्रवाई वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी की शिकायत के आधार पर की गई है।

निलंबन आदेश सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर विष्णुकांत त्रिपाठी ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने उल्टे वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी पर ही गंभीर आरोप लगाए। त्रिपाठी के अनुसार, रघुवंशी की बीट सीताडोंगरी में अवैध कटाई हुई थी। त्रिपाठी ने कहा कि 4 जून को जब मैं जंगल में गया, तब सांझ, करी और सागौन जैसे पेड़ों के कटे हुए तने सामने मिले। अगले दिन 5 जून को मैं, बीट गार्ड रघुवंशी और ड्राइवर ललित के साथ रेंज में बन रहे रपटा निर्माण को देखने गया। वहां मैंने एक चौकीदार को कुछ निर्देश दिए और रघुवंशी से अवैध कटाई को लेकर सवाल किए।

## ब्यूरोक्रेट्स को लीडरशिप के गुर सिखाएगा आईआईएम इंदौर

### सितम्बर में शुरू होने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए 29 अगस्त तक होगा रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** अखिल भारतीय सेवा के अफसरों को आईआईएम इंदौर प्रशिक्षित करेगा। भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय (डीओपीटी) द्वारा इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के सहयोग से 8 सितंबर से आईआईएम परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय सार्वजनिक क्षेत्र के शासन में रणनीतिक नेतृत्व (स्ट्रेटजिक लीडरशिप इन पब्लिक सेक्टर गवर्नेंस) होगा। डीओपीटी द्वारा सभी राज्यों के मुख्य सचिव, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारियों को इससे संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, आईआईएम इंदौर देश भर के आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों समेत अखिल भारतीय सेवा के अन्य अफसरों को पब्लिक सेक्टर में वर्किंग के लिए स्ट्रेटजिक लीडरशिप के गुर सिखाएगा। सितम्बर में शुरू होने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए एमपी समेत अन्य राज्यों में पदस्थ अफसरों को 29 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया है। एक साल का यह प्रोग्राम हाइब्रिड डिजाइन पर तैयार किया गया है।

#### ऑफिसर फ्रेंडली बताया जा रहा है प्रोग्राम

इस कार्यक्रम को इंटरनेशनल कम्पोनेंट के बिना ऑफिसर फ्रेंडली बनाया गया है। कार्यक्रम प्रशासनिक अफसरों को अनिश्चितता और अस्थिरता के भाव से निपटना सिखाएगा। दुनिया भर में बनने वाले माहौल के अनुसार अफसरों की एफिशिएंसी मजबूत करेगा। इसके आधार पर ट्रेनिंग लेने वाले अधिकारी लीडरशिप के दौरान सटीक निर्णय लेने और पब्लिक सेक्टर में गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की रणनीति सीखेंगे। इसके लिए जो फार्मेट तय किया गया है उसके बाद अधिकारी डेवलपमेंट और बदलाव की प्रोसेस को सधे कदमों से आगे बढ़ाने, पॉलिसी इम्प्लीमेंट में मजबूती लाने और पब्लिक सर्विस डिलीवरी सिस्टम को शासन हित में मजबूती से लागू करने के फार्मूले सीख सकेंगे। यह प्रोग्राम बगैर किसी समझौते के शासन की पॉलिसी डिलीवरी करने के आधुनिक तकनीकों को भी बताएगा।

#### आईआईएम इंदौर करेगा कोआर्डिनेशन

कार्यक्रम का समन्वय और संचालन आईआईएम इंदौर के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। प्रोग्राम अटेंड करने वाले अफसरों को कार्यक्रम के अनुसार आवासीय या ऑनलाइन मोड में शामिल होने का मौका होगा। इसके लिए क्लासेस रोज सुबह 9 बजे से शाम 5:15 बजे के बीच कैम्पस में लगेंगी। वीकेंड में ऑनलाइन कक्षाएं लगेंगी। ट्रेनिंग लेने वाले अफसरों को प्रोग्राम के दौरान सेल्फ स्टडी, ग्रुप एक्टिविटी या फील्ड विजिट के लिए कार्य भी सौंपे जाएंगे। आईआईएम प्रशिक्षण को प्रभावी बनाए रखने के लिए व्याख्यान, केस-स्टडी, चर्चा, समूह गतिविधियों, क्षेत्र भ्रमण और तय पठन सामग्री का उपयोग करेगा।

#### प्रोग्राम में एक्सपीरियंस शेयरिंग पर होगा फोकस

कार्यक्रम में एक्सपीरियंस शेयरिंग पर भी फोकस होगा। कार्यक्रम को विषयों की गंभीर समझ के लिए अधिक से अधिक संवाद के हिसाब से लागू किया जाएगा। यह कार्यक्रम आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के अलावा केंद्रीय सिविल सेवाओं, राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों और केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों के अफसरों के लिए होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को अटेंड करने वाले अफसर की सेवा पांच साल पुरानी होनी चाहिए और सेवाकाल खत्म होने में पांच साल बाकी होना चाहिए। अधिकारी को ढाई लाख रुपए जीएसटी के साथ प्रशिक्षण फीस के रूप में चुकाने होंगे। इसके लिए 29 अगस्त 2025 तक नामांकन मांगे गए हैं। पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले अफसरों को आईआईएम इंदौर द्वारा इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। डीओपीटी ने केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों के अफसरों को इसके लिए आगे आकर प्रचार प्रसार करने को कहा है।

## बीडीए का बाबू दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



### नामांतरण कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत, चार महीने से अटका रखा था काम

**भोपाल।** भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के बाबू को लोकायुक्त ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फरियादी ने 4 महीने पहले अपने मकान के नामांतरण का आवेदन दिया था। बाबू बिना रिश्वत लिए नामांतरण नहीं होने दे रहा था। तंग आकर युवक ने लोकायुक्त को लिखित शिकायत की।

शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार दोपहर ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बैरसिया रोड निवासी घनश्याम राठौर ने आवेदन देकर बताया कि बीडीए का बाबू शहाब उद्दीन सिद्दीकी उनके मकान के नामांतरण के एवज में फीस से अतिरिक्त दस हजार रुपए देने की मांग कर रहा है। मांग पूरी नहीं करने पर चार महीने से उनके काम को अटका रखा है। शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार को आरके सिंह उप पुलिस अधीक्षक की टीम ने आरोपी को ट्रैप कर लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## 15 जून के बाद मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश



### कई जिलों में तेज हवा के साथ बौछारे पड़ने की संभावना

**भोपाल।** भोपाल, इंदौर और ग्वालियर शहर में पड़ रही गर्मी से लोग परेशान हैं, तो जबलपुर में अब तापमान में गिरावट आने लगी है। भोपाल में बुधवार को तेज आंधी के साथ बौछारें पड़ी, लेकिन इसके बाद उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। आज प्रदेश के कई इलाकों में बारिश के आसार हैं। मौसम के बदलते अंदाज को देखते मौसम विभाग ने शुक्रवार को धूप-बादल के बीच शाम तक तेज हवा चलने और 15 जून से जबलपुर सहित संभाग के मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों में तेज हवा के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के अनुसार वर्तमान में एक चक्रवात पंजाब के ऊपर बना हुआ है।

मानसून की आहट से मौसम की रंगत धीरे-धीरे बदलने लगी है। शुक्रवार को धूप के बीच छाए बादलों ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रियता के संकेत भी दे दिए हैं वहीं दिन का तापमान में भी धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जा रही है। अगले 48 घंटे के दौरान जबलपुर सहित संभाग के जिलों में तेज हवा के साथ बौछारे पड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मानसून के आगमन के पहले गर्मी लोगों को पस्त किए है।

#### कल से बादल-बारिश

वहीं एक चक्रवाती परिसंचरण से एक ट्रफ हरियाणा, पशिमम मध्यप्रदेश से होते हुए दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश तक ऊंचाई पर विस्तृत है। इसके प्रभाव से आगामी दिनों में वर्षा के आसार बन रहे हैं। 15 जून से मानसून के सक्रिय होने का अनुमान है।

#### दो दिन से तापमान 40 डिग्री पार

फिलहाल गर्मी का दौर जारी है। पिछले दो दिनों में तापमान में दो डिग्री की कमी आई है। दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के ऊपर हवा के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके प्रभाव मौसम में गर्माहट बनी हुई है। राजधानी में शुक्रवार को भी धूप और गर्म हवा के झोंके लोगों परेशान करते रहे। हालांकि बीच-बीच में बादल भी राहत देते रहे।

## जुलाई के पहले हफ्ते में मप्र भाजपा को मिल जाएगा अध्यक्ष

### अगले हफ्ते से तेज होगी कवायद, 10 राज्यों में भी नए अध्यक्ष चुने जाएंगे

**भोपाल।** भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले हो सकता है। अगले हफ्ते से इस दिशा में कवायद तेज हो जाएगी। मप्र सहित लगभग 10 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मप्र भाजपा को जुलाई के पहले हफ्ते में अध्यक्ष मिल जाएगा।

भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बीते पांच महीनों से सस्पेंस बना हुआ है। पार्टी कार्यकर्ता और संगठन से जुड़े पदाधिकारी इस सवाल का जवाब जानना चाहते हैं कि आखिर यह चुनाव कब होगा। हालांकि, अब संकेत मिल रहे हैं कि अब जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। दरअसल, जनवरी में पार्टी ने प्रदेश के सभी 60 संगठनात्मक जिलों में जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी थी। बूथ, मंडल और जिला स्तर के चुनाव पूरे हो चुके हैं। पहले दावा किया गया था कि फरवरी में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा, लेकिन अलग-अलग कारणों से इसे लगातार टाल दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव न हो पाने के पीछे राष्ट्रीय स्तर की कुछ बड़ी वजहें सामने आई हैं। इस दौरान दिल्ली विधानसभा चुनाव और फिर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की वजह से पार्टी का पूरा ध्यान अन्य मुद्दों पर केंद्रित हो गया। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर संगठनात्मक प्रक्रिया भी लंबी खिंच गई, जिससे प्रदेशों के चुनाव टलते गए।

#### 16 जून के बाद मिल सकते हैं स्पष्ट संकेत

अब पार्टी सूत्रों के अनुसार, 14 से 16 जून तक पचमढ़ी में भाजपा के विधायकों और सांसदों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्घाटन गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी तय है। ऐसे में माना जा रहा है कि शिविर के बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित कर दी जाएगी। इस संबंध में राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने हाल ही में बयान दिया कि चुनाव की तिथि तय नहीं है, लेकिन कहा कि सब कुछ तय समय पर होगा। मप्र भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा इसे लेकर कई नेताओं के नामों की चर्चाएं और कयास लंबे समय से लगाए जा रहे हैं। वर्तमान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा इस रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं और इसका कारण उनके कार्यकाल में मध्यप्रदेश में भाजपा की अपार सफलता है। इसके साथ ही बैतूल विधानसभा सीट से विधायक हेमंत खंडेलवाल, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, मंडला लोकसभा सीट से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, अनुसूचित जाति के होने के कारण लाल सिंह आर्य के नाम चर्चाओं में बने हुए हैं।

#### राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 21 जुलाई तक संभव

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की तरफ से अनौपचारिक बातचीत में इसके साफ संकेत मिले हैं कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अब टाला नहीं जाएगा। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। लिहाजा, संगठन में इससे पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दरअसल, बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। दरअसल, 15 अगस्त के बाद बिहार चुनाव को लेकर हलचल शुरू हो जाएगी। इसलिए भाजपा इससे पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी क्योंकि बिहार के विधान सभा चुनाव नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर असमंजस की स्थिति नहीं रहे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दस प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव को लेकर तेजी से काम हो रहा है। 21 जून तक कई प्रदेशों में नए अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे जिसके बाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### कांग्रेस नेता बनने में ट्रांसजेंडरो की रुचि नहीं

**भोपाल।** पिछले एक महीने से ठप पड़ी युवा कांग्रेस के चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। चुनाव अधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष, महासचिव, जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए दावेदारों के नामों का ऐलान कर दिया है। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के लिए 18 नाम आए हैं। जबकि दस्तावेजों के अभाव में एक नाम होल्ड पर है। खास बात यह है कि युवा कांग्रेस का महासचिव बनने के लिए कोई ट्रासजेंडर नहीं आया है। पार्टी नेता राहुल गांधी के निर्देश पर महासचिव का एक पद ट्रासजेंडर के लिए आरक्षित रखा गया था। प्रदेशाध्यक्ष के लिए घोषित दावेदारों की सूची में सामान्य, पिछड़ा, अजा एवं अजजा वर्ग के युवा शामिल है। एक युवा नेता राजीव सिंह का दस्तावेजों के अभाव में आवेदन रोका गया है। प्रदेशाध्यक्ष के लिए कुल 20 नाम आए थे। जिनमें से निरस्त हो गए हैं। जबकि एक रोका गया है। इसी तरह महासचिव के 48 पदों के विरुद्ध 178 नामांकन मान्य किए गए हैं। 3 नाम रोके गए हैं। ट्रासजेंडर के लिए आरक्षित एक पद एक भी नामांकन नहीं आया है। कांग्रेस को महासचिव पद के लिए ट्रासजेंडर नहीं मिलने पर भाजपा ने चुटकी है। युवा कांग्रेस के चुनाव में कुल पंजीकृत सदस्यों की संख्या 4332 है। जिनमें सशुल्क सदस्य 3948 है। जबकि अनपैड सदस्य संख्या 384 है। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के लिए तय दावेदारों में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया का नाम भी है शामिल है। यश का नाम परफार्मर के नामों के साथ बाद में जोड़ा गया था और प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो गया।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**